● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 87, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 02 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

मंगलसूत्र वाले बयान पर खड़गे का वार 5

हार्दिक पर बीसीसीआई का बड़ा एक्शन 6

कांग्रेस के सपने आग में राख हो गए : मोदी

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले दिन बनासकांठा के डीसा के बाद उन्होंने साबरकांठा के हिम्मतनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए राम मंदिर, तीन तलाक और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शहजादे ने एक केस को लेकर कहा था कि मैंने सुप्रीम कोर्ट की अवगनणा कर कानून पारित किया। जबकि, मैंने चुनाव के लिए नहीं, बल्कि अपनी मुस्लिम बेटियों की रक्षा के लिए तीन तलाक खत्म किया। इसलिए कांग्रेस के शहजादे को बुखार हो रहा है। वो अब भी कहते हैं कि अगर मोदी तीसरी बार देश में आए तो देश में आग लग जाएगी, लेकिन सच में कांग्रेस के सपने इस आग में राख हो गए हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेसी कह रहे थे कि राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी। राम मंदिर बन गया और कहीं कुछ नहीं हुआ। देश में कहीं आग नहीं लगी। आग तो कांग्रेस के दिल में लगी थी और इस आग को कोई बुझा नहीं सकता।

मैं आपके बिजली और पेट्रोल बिल जीरो करना चाहता हूं। यह बात हवा में नहीं कह रहा, हमारे पास इसकी योजना है। हम पीएम सूर्यजल के तहत पैसा देंगे, जिससे आप सौर ऊर्जा की मदद से बिजली पैदा कर सकेंगे। सरकार बिजली खरीदेगी और इससे आपकी कमाई भी होगी। यह इलेक्ट्रिक वाहनों का युग है। आपके घर में बिजली होने से आपकी गाड़ी चार्ज हो जाएगी और एक भी रुपया खर्च नहीं होगा।

डीसी की जनसभा में पीएम ने कहा, आज कांग्रेस कहती है कि बीजेपी 400 सीटें इसलिए मांग रही है, जिससे कि आरक्षण खत्म कर सके। जबकि ही धर्म के आधार पर कांग्रेस ही एसटी, एससी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग को मिले आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। ये लोग कर्नाटक में यह प्रयोग कर चुके हैं। कर्नाटक में रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ये लोग ऐसा पूरे देश में करना चाहते हैं। जब तक बीजेपी है, जब तक मोदी है, एसटी एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को जो आरक्षण मिला है, वह कोई नहीं छीन सकता।

फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा, पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में ध्वस्त हो गया। ये लोग मुहब्बत की दुकान चलाने निकले थे। लेकिन दुकान में फेक वीडियो बनाने का काम शूरू कर दिया। इन लोगों ने इतने साल देश पर राज किया। इनके इतने सारे प्रधानमंत्री रहे। फिर भी आज इनकी लोगों को सामने जाने की हिम्मत नहीं है। इसीलिए अब ये फेक वीडियो बना रहे हैं।

इसके बाद पीएम मोदी साबरकांठा जाएंगे। यहां पर भी वे जनसभा को संबोधित करेंगे। बीजेपी ने बनासकांठा लोकसभा सीट से रेखाबेन चौधरी को अपना कैंडिडेट बनाया है। वहीं, साबरकांठा से तुषार चौधरी को मैदान में उतारा है। 7 मई को तीसरे फेज में गुजरात की 26 में से 25 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होनी है। इसका कारण यह है कि गुजरात की सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध बीजेपी के खाते में आ चुकी है। यहां से बीजेपी के मुकेश दलाल के निर्विरोध चुन लिया गया है। केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के बयान के विरोध में गुजरात में जगह-जगह क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसके चलते प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक साबर डेयरी तीन सड़क से रामपुरा चार सड़क तक 6 घंटे के लिए सड़क बंद रहेगी।

इस बार लाड़ली बहनों के खातों में पांच मई को डाली जाएगी राशिः डॉ. यादव

सागर। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने बुधवार को बीना में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने मंच से जानकारी दी कि इस बाद पांच मई को लाड़ली बहनों की राशि खातों में डाली जाएगी। डा. यादव ने कहा कि राहुल गांधी को झूठ की मशीन बतलाया, वह संविधान के नाम पर कोई और किताब जनता को दिखलाते रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है।

मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि यहां तो सूर्य देवता और जनता में होड़ लगी है। तापमान के साथ भीड़ भी बढ़ती जा रही है। कल एमपी की धरती पर पप्पू आए, झूठ की मशीन हैं। जब भी बोले झूठ ही बोले। सबके बीच किताब दिखाई, बोले संविधान की किताब है। आरोप लगाए भाजपा संविधान बदल देगी। दोस्तों वो किताब और कोई है। राहुल गांधी ने मीडिया पर आरोप लगाया कि वे केवल मोदी को दिखाते हैं, भाई तुम भी तो बनो दिखने लायक। मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि सबसे पहले संविधान को बदलने का काम कांग्रेस ने किया।

नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी सहित अन्य ने संविधान संशोधित किया। इंदिरा गांधी ने 29 बार संशोधन किया। इन्होंने कश्मीर में धारा 370 लगाई, जिसमें 40 हजार निर्दोष लोग मारे गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 खत्म की। देश के अंदर आतंकवाद खत्म किया। मोदी है तो मुमकिन है। सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की, कांग्रेस के नेता सबूत मांगते हैं। दस साल से देश में एक भी आतंकवाद की घटना नहीं हुई। जिन्होंने गरीबी नहीं देखी, वह गरीबी दूर करने की बात कहते हैं। सीएम ने केंद्र व राज्य की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कहा कि अभी राम जी मुस्कुरा रहे हैं, जल्द ही कृष्ण जी भी मुस्कुराएंगे।

सलमान के घर फायरिंग केस के आरोपी ने आत्महत्या की

मुंबई। सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वालों को हथियार देने के आरोपी अनुज थापन ने मुंबई पुलिस की कस्टडी में बुधवार को आत्महत्या कर ली। आरोपी ने मुंबई पुलिस हेडक्वार्टर के टॉयलेट में चादर से फांसी लगाई। पुलिस को 11 बजे सुबह फांसी की जानकारी मिली। हालांकि आरोपी अनुज के सुसाइड के समय की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। उसको बेहद गंभीर हालत में सुबह पहले नजदीकी जी.टी. हॉस्पिटल ले जाया गया था। उस अस्पताल के डॉक्टर्स ने अनुज को सीएसएमटी स्थित सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल रेफर कर किया था, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी अनुज थापन के सुसाइड की जांच राज्य की सीआईडी को सौंपी गई। मुंबई क्राइम ब्रांच ने फायरिंग केस में 25 अप्रैल को अनुज (32) और सुभाष चंदर (37) को पंजाब से हिरासत में लिया था। दोनों ने इस घटना के लिए हथियार मुहैया कराए थे। दोनों आरोपी पंजाब के अबोहर के रहने वाले हैं। आत्महत्या करने वाला अनुज ट्रक हेल्पर था। वहीं दूसरा आरोपी सुभाष किसान है। दोनों आरोपियों पर पंजाब और हरियाणा में कई केस दर्ज हैं। दोनों कई सालों से लॉरेंस बिश्नोई के साथ मिलकर काम कर रहे थे। अनुज और सुभाष ने 15 मार्च को पनवेल में सागर पाल और विक्की गुप्ता नाम के लड़कों को दो पिस्टल डिलीवर की थीं। इन्हीं पिस्टल से विक्की और सागर ने सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग की थी। विक्की और सागर को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया गया था, जबकि अनुज और सुभाष की गिरफ्तारी पंजाब में हुई थी।

127 साल पुराना गोदरेज ग्रुप बंटेगा

नई दिल्ली। साबुन से लेकर लॉकर तक बनाने वाला गोदरेज ग्रुप बंटने वाला है। गोदरेज फैमिली ने 127 साल पुराने ग्रुप को दो भागों में बांटने का समझौता किया है। इसके तहत एक हिस्सा आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर को मिलेगा जबकि दूसरा, चचेरे भाई जमशेद और बहन स्मिता को। आदि और नादिर ने गोदरेज इंडस्ट्रीज अपने पास रखी है, जिसमें पांच लिस्टेड कंपनियां हैं। जमशेद और स्मिता के हिस्से में गैर-लिस्टेड कंपनी गोदरेज एंड बॉयस और मुंबई में उससे जुड़ी प्रमुख संपत्ति सहित लैंड बैंक आया है।

दिल्ली-एनसीआर के 100 स्कूलों में बम की धमकी फर्जी निकली

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 स्कूलों में आज सुबह बम रखे होने की धमकी भेजी गई थी। इसके तुरंत बाद सभी स्कूलों में दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस पहुंच गईं। स्कूलों को खाली करवाने के बाद पुलिस ने बम की तलाशी की।

दोपहर को पुलिस ने जानकारी दी कि स्कूलों में बम की सूचना फर्जी थी। पुलिस के मुताबिक, सभी स्कूलों में अच्छे से चेकिंग कर ली गई है, लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस ने संभावना जताई है कि आरोपियों ने डार्क नेट के जरिए ये मेल भेजा है, ताकि उनकी पहचान न हो सके। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ये धमकी एक ही ई-मेल से भेजी गई है। यह ई-मेल रूसी सर्वर से सुबह 5:36 बजे भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि हर मेल का कंटेंट एक ही जैसा था ओर इसे sawariim@mail.ru मेल आईडी से भेजा गया था। 100 स्कूलों को भेजा मेल- डीपीएस द्वारका, डीपीएस वसंत कुंज, डीपीएस नोएडा, डीपीएस रोहिणी, ग्रीन वैली नजफगढ़, डीएवी पीतमपुरा, मदर मैरी स्कूल मयूर विहार, संस्कृति स्कूल, डीएवी साउथ वेस्ट और एमिटी साकेत के नाम सामने आए हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि जिस ईमेल के जरिए स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसमें स्वरायम शब्द शामिल है, जो कि अरबी शब्द है। इस शब्द को इस्लामिक स्टेट 2014 से इस्तेमाल

कांग्रेस ने कहा- अमेठी और रायबरेली सीट पर सस्पेंस 24-30 घंटे में खत्म हो जाएगा

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि अमेठी और रायबरेली सीट पर कैंडिडेट का फैसला अगले 24-30 घंटे में हो जाएगा। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों सीटों पर कैंडिडेट तय करने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दिया है। यह पूछे जाने पर कि निर्णय लेने में देरी क्यों हो रही है और क्या कांग्रेस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने से डर रही है। रमेश ने कहा- कोई देरी नहीं हो रही है।

एक्सपर्ट्स कोवीशील्ड के साइड इफेक्ट जांचें-सुप्रीम कोर्ट में याचिका

कहा- वैक्सीन लगाने से किसी को गंभीर नुकसान पहुंचा, तो सरकार उन्हें हर्जाना दे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड की जांच के लिए एक याचिका दाखिल की गई। इसमें कहा गया है कि कोवीशील्ड के साइड इफेक्ट्स की जांच करने के लिए एक्सपर्ट पैनल बनाने का निर्देश जारी किया जाए। याचिका एडवोकेट विशाल तिवारी ने लगाई है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगाने के बाद किसी को नुकसान पहुंचा तो उन्हें हर्जाना देने का सिस्टम बनाया जाए।

भारत में सबसे पहली कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड है। इसे पुणे की सीरम इंस्टीट्यूट ने बनाया है। कोवीशील्ड फॉर्मूला ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका से लिया गया है। एस्ट्रेजेनेका ने अब ब्रिटिश अदालत में माना है कि उनकी वैक्सीन के गंभीर साइड इफेक्ट्स हैं। कहा- कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।

असम में माफियाओं का राज, सारी संस्थाएं एक पार्टी के साथ : प्रियंका

धुबरी। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार (1 मई) को असम के धुबरी पहुंची। उन्होंने यहां चुनावी रैली की। इस दौरान प्रियंका ने कहा, असम में माफियाओं का राज चल रहा है। जब आपके ष्टरू कांग्रेस पार्टी में थे तो उनके खिलाफ गंभीर आरोप थे। भाजपा में जाते ही उन पर लगे सभी आरोप धुल गए।

प्रियंका ने कहा कि आज देश में जैसी राजनीति चल रही है, उसे आपको (जनता) गहराई से समझना पड़ेगा। एक जमाने में मीडिया जनता का प्रतिनिधित्व करती थी, सत्ता से सवाल किया जा सकता था। लेकिन आज सारी संस्थाएं एक पार्टी के साथ खड़ी हैं। चाहे वह मीडिया हो या चुनाव आयोग।

आज लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने वाले सारे रास्ते बंद किए जा रहे हैं। भाजपा ने एक वाशिंग मशीन विकसित की है, जहां भ्रष्ट लोगों को डालकर साफ कर दिया जाता है। ये चीज सबसे पहले उन्होंने आपके सीएम के साथ किया है। आज देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। क्योंकि सरकार में बैठे मंत्रियों का सारा ध्यान अपने स्वार्थ पर है।

आज बीजेनी के नेता संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। संविधान ने आपको वोट की शक्ति दी, संविधान ने आपको समानता का अधिकार दिया, संविधान आपके अधिकारों की रक्षा करता है ये संविधान बीजेनी का नहीं, जो ये बदल देंगे। ये संविधान इस देश का है, आपका है। इसे कोई नहीं बदल सकता। कांग्रेस ने गरीबों को जमीन के पट्टे दिए, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति लाई, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा का अधिकार दिया। नरेंद्र मोदी अपनी बीजेपी सरकार में बनवाया हुआ ऐसा एक नाम नहीं ले सकते हैं।

कर्नाटक में बीजेपी का एक नेता हजारों महिलाओं का यौन शोषण कर विदेश भाग गया। नरेंद्र मोदी जी कुछ दिनों पहले इसी नेता के लिए भरे मंच से वोट मांग रहे थे। देश में जहां भी महिलाओं पर अपराध हुए, चाहे वह हाथरस हो, उन्नाव हो या मणिपुर.. उसमें बीजेपी के नेता शामिल रहे हैं। मोदी सरकार सिर्फ अपराधियों की रक्षा करती आई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन करने के बाद वह संध्या आरती में भी शामिल हुईं। उन्होंने मंदिर के अंदर काफी वक्त गुजारा। इसके पहले उन्होंने हनुमान गढ़ी के दर्शन करने के साथ सरयू तट पहुंचकर आरती भी की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्याधाम पहुंचीं और सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। यहां उन्हें पुजारी राजू दास ने चांदी की गदा, चांदी का राम दरबार और गाय का प्रतिरूप भेंट किया।

हनुमानगढ़ी का दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति सरयू घाट के आरती स्थल पर पहुंचीं। जहां उन्होंने महाआरती में भाग लिया।

सरयू घाट पर चारों तरफ वेद मंत्रों की गूंज सुनाई दे रही है। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद हैं।

इसके पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचीं। जहां उनका स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति अयोध्या धाम के लिए रवाना हुईं। एयरपोर्ट से लेकर अयोध्या धाम तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह आवागमन रोका गया है।

झरोखा

बिहार-झारखंड में 2 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट

नई दिल्ली। देश में तेज गर्मी का असर लगातार बढ़ते जा रहा है। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, गुजरात और ओडिशा में 2 दिन के लिए सीवियर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी आज लू चलने की संभावना जताई गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केरल में तेज गर्मी और हीटस्ट्रोक के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है। केरल की हेल्थ मिनिस्टर ने स्थिति को लेकर हाईलेवल मीटिंग बुलाई है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा में मंगलवार को तापमान 47.2 डिग्री दर्ज किया गया है। ये सामान्य से 10.4 डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग ने कहा कि ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में आज तापमान 43 डिग्री या उससे ज्यादा पहुंच सकता है। गुजरात के अलावा इन सभी राज्यों में मई के पूरे महीने में हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, मध्य प्रदेश में लू से काफी हद तक राहत रहेगी। तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, असम और त्रिपुरा में उमस भरी गर्मी का भी अनुमान जताया गया है।

हमारे राम आ गये हैं अब रामराज की जरूरत : उमा भारती

शिवपुरी। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उमा भारती ने कहा कि कांग्रेस आज इस लायक नहीं है कि उसके बारे में कुछ बोला जाए। देश को गर्त में ले जाने का काम कांग्रेस ने किया। देश में इमरजेंसी कांग्रेस लाई, कुर्सी बचाने के लिए देश का बंटवारा किया। देश में सिख दंगे करवाए, यह सब कांग्रेस की करतूतें हैं। भारती ने यह बात शिवपुरी जिले के पिछोर में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सभा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम सहित कई वरिष्ठ पार्टी नेता पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए उमा भारती ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश आजाद हो गया। लेकिन यह दोनों अभी भी अपने आप को रानी और शहजादे समझते हैं। पूर्व में इनके द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर आज यह भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर हैं। उमा भारती ने कहा कि मैं हमेशा कहती हूं कि कांग्रेस को भाजपा से सामना करना है तो कांग्रेस को अपना विकल्प प्रस्तुत करना होगा। हमसे कैसे बेहतर देश चला सकते हैं, इसके बारे में विकल्प बताना होगा। विपक्ष हर समय मोदी जी को गाली देने का काम करता है। कांग्रेस ने पूर्व में इतनी गलतियां और इतनी करतूतें की है कि आज कांग्रेस के बारे में बोलने लायक कुछ भी नहीं है। जनता कांग्रेस के बारे में सब जानती है।

सभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज मोदी जी ने प्रत्येक भारतीय के मन में भारतीय होने का गौरव प्रदान किया है। देश में अमीर-गरीब का अंतर कम हो रहा है। देश के आम नागरिकों को ध्यान में रखते हुए तमाम योजना चलाई हैं, जिसके कारण आम लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। इस घड़ी का 500 साल से इंतजार था। हमारे राम आ गए हैं, अब राम राज्य की जरूरत है और रामराज की जरूरत में मोदी जी के सहयोगी के रूप में उन्हें हनुमान और लक्ष्मण चाहिए। उन हनुमान लक्ष्मण में हमारे भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे लोगों की जरूरत है। आज मोदी जी की योजनाओं में हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है। चाहे गरीब हो, महिला हो या किसान सबके लिए योजनाएं बनाई गई हैं।

सभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया को याद करते हुए कहा कि उनकी विनम्रता और सरलता का कोई जवाब नहीं था। जब मैं 8 साल की थी, प्रवचन देने की शुरुआत की थी। तब राजमाता का सानिध्य मुझे मिला, उनका प्यार मिला उन जैसा प्यार और दुलार मुझे आज तक नहीं मिला। उन्होंने मुझे अपनी बेटी की तरह माना और आज मैं अपने भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए प्रचार करने के लिए आई हूं।

श्रमिक समाज हमारे देश की रीढ़ की हड्डी होते है : गजेन्द्र

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा विश्व मजदूर दिवस पर 216 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

सिंगरौली। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा 1 मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर गरीब श्रमिक, बच्चे व परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर,रामलीला मैदान के पास अंबेडकर चौक पर आयोजित किया गया । शिविर के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के अध्यक्षता में एवं रेडक्रॉस चेयरमैन एस डी सिंह के मार्गदर्शन में यह शिविर संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आए हुए सभी गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा बताया गया कि वास्तव में आज भारतीय समाज का एक बड़ा दिन है, आज श्रम दिवस है तथा श्रमिक दिवस का महत्व इस आशय से है कि करोड़ों की संख्या में इस देश में ऐसा श्रमिक समाज है जिन्होंने अपने बाहुबल एवं कौशल से इस देश को विश्व शक्ति बनाने में अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया है। श्रमिक हमारे ऐसे भाई होते है जो देश की सेवा शिखर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है और ऐसा जब वो करते है तब अपने जीवन, परिवार एवं संबंधों को ताक पर रखकर सेवा और सृजन का काम करते है । श्रमिक दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किया जा रहा यह प्रयास जिसमें रेड क्रॉस के उपस्थित सभी पाधिकारियों एवं वॉलिंटियर्स ने इस शिविर में पधारकर एवं योगदान देकर इस विषय को साकार कर दिया, और श्रमिक समाज हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है तो हम भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने को, साथ खड़े होने को तैयार है । रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा तमाम ऐसे विषय जो देश और समाज के सामने एक चुनौती का विषय होता है चाहे स्वास्थ्य का विषय हो, शिक्षा एवं दिव्यांगो की बात हो, श्रमिकों का विषय हो सभी क्षेत्रों में अपनी सहभागिता एवं पीड़ित समाज के प्रति निस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य करता रहता है, जिसका उनके द्वारा बहुत ही प्रशंसा व्यक्त किया गया । इस निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बहुत बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रमिकगण ने उपस्थित होकर लाभ उठाए जिसमें उनका निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन,एवं ब्लड ग्रुप का जांच किया गया एवं डॉक्टर के परामर्श उपरांत जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित किया गया । इस शिविर में रेडक्रॉस ब्लड सेंटर मेडिकल डायरेक्टर डॉ आर डी द्विवेदी एवं मिश्रा पाली क्लिनिक एवं नर्सिंग होम बैढन के डायरेक्टर डॉ डीके मिश्रा एवं उनकी पूरी टीम संदीप गुप्ता, अजय त्रिपाठी, निशा शाह द्वारा उपस्थित सभी श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण में सहयोग कर श्रमिकों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर का जांच किया एवं डॉ डी के मिश्रा द्वारा सभी श्रमिकों को निःशुल्क परीक्षण एवं परामर्श के उपरांत सभी को दवाइयां वितरित करने का कार्य किया गया । ब्लड सेंटर की टीम हरिशंकर गुप्ता, सूरज प्रकाश सेन, सुनीता शाह एवं कृष्णा शाह के द्वारा उपस्थित श्रमिकों का ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन का जांच करने का कार्य किया गया । इस शिविर में आये हुए कुल 216 पुरुष एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित किया गया । इसके साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग का स्टाल लगाया गया जिसमें कृत्रिम हाथ एवं पैर निर्माण कर दिव्यांगो को निःशुल्क प्रदान किया जाता है तथा श्रवण बाधित लोगों की जांच ऑडियोमेट्री मशीन से की गयी एवं फिजियोथेरेपी के माध्यम से अनेकों असाध्य बीमारी का इलाज के बारे में जानकारी प्रदान किया गया ।

एनटीपीसी विंध्याचल में मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के समर्पण को सम्मानित किया गया

सिंगरौली

एनटीपीसी विंध्याचल ने 1 मई 2024 को मनाए गए श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कंपनी के श्रमिकों के समर्पण को सम्मानित किया गया और उनका योगदान माना गया। इस मौके पर स्टेज 4 श्रमिक आराम घरों के स्थापना के साथ-साथ वॉटर कूलर और डेजर्ट कूलर्स भी लगाए गए, जो कार्यकर्ताओं की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए हैं।एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणी कुमार ने श्रमिकों के कल्याण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए समर्पण की जरूरत को जोर दिया, खासकर गर्मी के मौसम में। उन्होंने सभी कर्मचारियों के लिए एक सामर्थक माहौल बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर किया, उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में बोलते हुए ई सत्य फणी कुमार ने श्रमिक दिवस के महत्व पर चर्चा की, श्रमिकों के अधिकारों पर जोर दिया, और इस अवसर पर श्रमिकों को वर्म विशेष शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कंपनी की सफलता में श्रमिकों के अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें उनके कठिन परिश्रम की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में सुरक्षा के उपायों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जहां संबंधित अधिकारी सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व को बताया और कार्यस्थल में घटनाएं रोकने के लिए सुरक्षित काम के माहौल की गारंटी दी। श्रमिकों को सुरक्षा नियमों और विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जो कंपनी के कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए थी। सम्मान के रूप में, श्रमिकों को मिठाईयां वितरित की गईं, जो एनटीपीसी विंध्याचल परिवार में सहयोग और आभार की भावना को प्रतिष्ठित करती हैं। साथ ही, श्रमिकों को टोपियां भी प्रदान की गईं, जो कार्यकर्ताओं के बीच एकता और समरसता की भावना को प्रतिष्ठित करती हैं।

एनटीपीसी विंध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान हेतु मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का हुआ आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने हाल ही में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 के लिए एक उत्कृष्ट दो-दिन की मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। यह कैंप, विंध्याचल के मैत्री - सभागार में 29 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक आयोजित किया गया और 18 विभिन्न गाँवों से 119 बालिका छात्राओं की भागीदारी ली। इस स्क्रीनिंग कैंप का मुख्य उद्देश्य इन बालिकाओं के स्वास्थ्य और कल्याण का मूल्यांकन करना था, जो आगामी 4 सप्ताहीय 2024 प्रोग्राम में प्रवेश के पूर्व किया गया।यह प्रोग्राम 19 मई, 2024 से शुरू होकर 15 जून, 2024 तक चलेगा और इन लड़कियों को मौलिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, और स्वायत्त रक्षा कौशलों से सशक्त करने का उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भीमेश चंद्र चतुर्वेदी के अभिन्न मार्गदर्शन में, एक समर्पित डॉक्टरों की टीम ने सभी सहभागियों के लिए सम्पूर्ण चिकित्सा जाँच की। यह मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप न केवल तत्काल स्वास्थ्य सम्बंधित मुद्दों का समाधान किया, बल्कि आगामी 2024 प्रोग्राम के लिए एक मजबूत आधार रखा। एनटीपीसी विंध्याचल ने उन इनिशिएटिव्स का समर्थन जारी रखा है, जो लड़कियों को सशक्त करते हैं और उन्हें समर्थ और समावेशी भविष्य के लिए साधना करते हैं।

एनसीएल परिवार ने खनिक अभिनंदन दिवस 2024 के अवसर पर श्रमवीरों को किया नमन

बिजली क्षेत्र सहित सभी निर्भर ग्राहकों को अबाध कोयला आपूर्ति हेतु प्रतिबद्ध एनसीएल : सीएमडी

सिंगरौली। बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में खनिक अभिनंदन दिवस-2024 के अवसर पर सुबह में मुख्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्याम धर दूबे, अशोक पाण्डेय, महासचिव, सीएमओएआई, सर्वेश सिंह, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले खनिकों को नमन किया। इस दौरान सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने अपने उद्बोधन की शुरुआत में वृहद एनसीएल परिवार को श्रमिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी। उन्होंने श्रम को मानव सभ्यता एवं विकास की कुंजी के रूप में परिभाषित किया। औद्योगिक क्रांतियों के उपरांत उद्योगों में सृजित हुए नए अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विगत चार दशकों के कालखंड को आविष्कार का कालखंड बताया। विगत वर्ष में देश की ओर से कोयला उत्पादन, प्रेषण व ओवरबर्डेन में मिले लक्ष्यों को हासिल करने पर उन्होंने टीम एनसीएल को बधाई दी। साथ ही वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी हितग्राहियों से सहयोग हेतु आह्वान किया। वर्तमान में कोयला उद्योग के सतत स्थायित्व के आलोक में किए जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कोयला उद्योग के भविष्य को उज्जवल बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आयातित कोयले पर देश की निर्भरता को कम करते हुए विदेशी मुद्रा भंडार की बचत करना कोयला उद्योग से जुड़े एक-एक व्यक्ति का पवित्र कर्तव्य है। सीएमडी एनसीएल ने बिजली क्षेत्र व गैर नियामक क्षेत्र को निरंतर बिजली आपूर्ति हेतु एनसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने यह विश्वास जताया कि आने वाले दो वर्षों में 95ब से अधिक उत्पादित कोयले का प्रेषण एनसीएल एफएमसी परियोजनाओं से करना शुरू कर देगी। उन्होंने एनसीएल की विविधीकरण प्रयासों की सराहना करते हुए निगाही में स्थित 50 मेगावाट सोलर प्लांट के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए एनसीएल की नेट जीरो कंपनी बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

बदले की भावना में कर दी थी गोवंशों की हत्या, अब सलाखों के पीछे

बीते दिनों गौवंशों की हत्या के मामले में बरगवां पुलिस ने चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार

सिंगरौली

गोवंशों द्वारा खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाने को लेकर बदले की भावना में गोंदवाली के चार लोगों ने दो गोवंशों की निर्माता से हत्या कर दी थी। इस मामले को संज्ञान में लेकर सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन में बरगवां निरीक्षक विद्या वारिधि तिवारी ने कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके द्वारा बीते शनिवार की रात दो जर्सी गायों को रेलवे पटरी पर खदेड़कर ले जाया गया था, जहां इन्हें घेरकर सामने से आती ट्रेन से कुचलवा कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। जानकारी अनुसार गोंदवाली निवासी फरियादी जितेंद्र सिंह चंदेल की तहरीर पर बरगवां निरीक्षक विद्या वारिधि तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर गोवंश की हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की तो पता चला कि फरियादी की 2 दुधारू जर्सी गाय पास के लोगों के खेत चर जाती थी, जिस द्वेष में शनिवार 27 मार्च की रात आरोपी बृजेंद्र बसोर पिता घिलालू बसोर उम्र 29 वर्ष, रामसागर बसोर पिता खिरोधन बसोर उम्र 32 वर्ष, सुरेश उर्फ चरकु बसोर एवं शिवकुमार बसोर उम्र 22 वर्ष दोनों पिता निर्मल बसोर ने गायों को घर से निकलकर रेलवे पटरी तक खदेड़ा और वहाँ उन्हें घेरकर रखा। देर रात जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी की चपेट में आकर दोनों गोवंशों की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को अपराध क्रमांक 439/24 धारा 429, 34 भादवि एवं मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 9 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ, राहगीरों को हमेशा मिलेगा शीतल पेयजल

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली का सराहनीय कदम

सिंगरौली। भीषण गर्मी एवं मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए आम राहगीरों और मुख्य स्थान पर आने जाने वाले लोगों के लिए जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के सामने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगराली के सौजन्य से जन प्रयास फाउंडेशन द्वारा संचालित नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया । इसका उद्घाटन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस डी सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया । उनके द्वारा यह भी बताया रेडक्रॉस द्वारा सदैव निस्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की सेवा किया जाता है एवं भीषण गर्मी में पानी पिलाना बहुत ही पुनीत कार्य है। इस प्याऊ के खुलने से आम जनमानस को काफी राहत मिलेगा तथा जिले में ग्रामीणांचल से आने वाले लोगों को इस भीषण गर्मी में मिट्टी के मटके का शुद्ध शीतल जल, गुड़ एवं बताशा के साथ उपलब्ध कराया जाएगा । इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ डी के मिश्रा, राजाराम केशरी, विवेक कुमार त्रिपाठी, मिथिलेश मिश्रा, एवं जन प्रयास फाउंडेशन अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय, सचिव अमरदीप भारूका, सत्येंद्र पांडे, रौनक भरुका सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैगा बसहाटो में निवासरत हितग्राहियो को जन कल्याण योजना से लाभान्वित कराने हेतु विशेष शिविर का आयोजन

सिंगरौली। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला निर्देषानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेष के मार्गदर्षन में बैगा हितग्राहियो को सचिवो, रोजगार सहायको एवं विस्तार अधिकारियो द्वारा मोबलाईज कर षिविर के माध्यम से जन कल्याण योजनाओं का लाभ बैगा बसाहटो में दिलाया जा रहा है। इस शिविर में जाति प्रमाण पत्र, राषन कार्ड, आधार कार्ड, समंग्र आईडी, बैक खाता, आयुष्मान कार्ड आदि का लाभ हितग्राहियो को दिया जायेगां। कैम्पो में ग्राम रोजगार सहायक द्वारा समंग्र पोर्टल सुधार कर ई केवाईसी की गई। बैगा समाज के स्कूली बच्चे जिनका आधार बनना या उनके आधार मे सुधार किया जाना है शिविर के माध्यम में उनके अधार कार्ड बनाये गये तथा जिन बच्चो के आधार में विसंगति थी उनका सुधार भी कराया गया। शिविर के दौरान हितग्राहियो को स्वास्थ्य सेवा उपलंब्ध कराने के लिए आयुष्मान कार्ड हेतु स्क्रीनिंग का आयुष्मान कार्ड उपलंब्ध कराये गये। शिविर के दौरान हितग्राहियो का बैको तथा कियोस्क के माध्यम से बैक खाते उपलंब्ध कराये गये ताकि सामाजिक सुरंक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। इस तारतम्य में ग्राम पंचायत करौटी में तथा बिरकुनिया में आयोजित षिविर में उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के द्वारा पहुचकर षिविर में प्राप्त आवेदन पत्रो का अवलोकन किया गया। तथा निर्देष दिये गये कि कोई भी पात्र बैगा परिवार के हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी, उपायुक्त सहकारित पी.के मिश्रा, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग सहित षिविर में संलग्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

समस्त औद्योगिक कम्पनियां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित गाईड लाईन का करे पालन : कलेक्टर

गईड लाईन का उल्लघन करने वाली कम्पनियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

सिंगरौली। सिंगरौली जिलें में संचालित समस्त ताप विद्युत गृह एवं एनसीएल स्टोन क्रेसर सहित जिले में स्थापित औद्योगिक कम्पनियो को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गईड लाईन का शत प्रतिशत पालन करना अनिवार्य है। गाईड लाईन का उल्लघन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा क्षेत्रिय प्रदूषण अधिकारी को निर्देश दिये गये है। विदित हो कि विगत दिवस प्रमुख सचिव प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के द्वारा व्हीसी के माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली को इस आषय के निर्देष दिये गये है कि सिंगरौली जिले में संचालित समस्त ताप विद्युत गृह एवं एनसीएल की कोल खधाने तथा प्राईवेट सेक्टर के थर्मल पावर, कोल परिवहन, स्टोन क्रेसरो, रेलवे साईडिंग बने कोयलार्ड भण्डारण एवं परिवहन आदि के द्वारा केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का पालन संबंधित ईकइयो के प्रबंधको के द्वारा शत प्रतिषत पालन कराया जाना अनिवार्य होगा। व्हीसी के माध्यम से प्रमुख सचिव मध्यप्रदेष शासन द्वारा प्रमुखता के साथ इस आषय के निर्देष दिये गये कि एनटीपीसी के द्वारा फ्लाईएस का निस्तारण वर्तमान में 52 प्रतिषत किया जा रहा है शेष फ्लाईएस डम्प करी जाती है जो खेदजनक है शत प्रतिषत

निस्तारण किया जाना अनिवार्य होगा। एनटीपीसी को यह भी निर्देष दिये गये है कि फ्लाईएस की डम्पिंग में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का पालन करना होगा। वही व्हीसी के दौरान सिंगरौली क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेसर में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा बनाई गई गाईड लाईन के अनुसार बैग हाउस एवं साईक्लोन लगाया जाना भी आवष्यक होगा। इसके साथ ही स्कीनिंग सेक्सन को कव्हर किया जाना पर्याप्त उचाई बिड ब्रेकिंग बैरियर बाल बनाया जाना तथा सघन वृक्षा रोपण किया जाना भी आवष्यक होगा। प्रमुख सचिव के दिये गये निर्देष के परिपालन में कलेक्टर सिंगरौली के द्वारा जिले में संचालित सभी परियोजनाओ से इस आषय की आपेक्षा की गई है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई गाईड लाईन का पालन करेगे। वही क्षेत्रिय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जिला सिंगरौली को इस आषय के निर्देष दिये गये है कि गाईड लाईन का उल्लघन करने वाली औद्योगिक ईकाइयो के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिष्चित करें।

कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्र-गीत का सामूहिक गायन

अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद झा, डिप्टी कलेक्टर नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल, सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पानी की कमी से जनता हलाकान और प्रशासन मौन

मुख्यमंत्री सीधी में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिये व्यक्तिगत रुचि लें : अजय

सीधी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजयसिंह ने सीधी जिले के ग्रामीण इलाकों में जल संकट को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाँव वाले पानी की कमी से हलाकान हैं और प्रशासन मौन। जब प्रशासन को पता है कि हर साल पानी का स्तर नीचे जाने पर जल संकट गहरा जाता है तो जनवरी माह से ही कार्ययोजना क्यों तैयार नहीं की गई। उन्होंने शासन प्रशासन की लापरवाही पर आश्चर्य व्यक्त किया है और न केवल सीधी बल्कि पूरे रीवा संभाग के सभी जिलों के लिये तत्काल पानी की वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। अजयसिंह ने कहा कि सीधी जिले में वर्षों से पीएचई में पद खाली पड़े हैं

लेकिन शासन प्रशासन को कोई चिन्ता नहीं है। उन्हें पानी की कमी का एहसास ही नहीं है क्योंकि उनके घरों में तो भरपूर पानी आ रहा है। आम आदमी परेशान है। उन्हें पानी के लिये दरबदर भटकना पड़ रहा है। अकेले सीधी जिले में अधिकारी, कर्मचारी, लिपिक और मैकेनिक के 31 पद वर्षों से रिक्त हैं। उपयंत्री के आधे पद खाली पड़े हैं। यह सोचने की बात है कि बिना स्टाफ और संसाधन के काम कैसे होगा। यही कारण है कि मैकेनिक हैंडपम्प की मरम्मत करने नहीं पहुंच रहे हैं। जिले में लगभग बीस हजार हैंडपम्प हैं। लेकिन आलम यह है कि एक मैकेनिक के बूते लगभग तीन सौ हैंडपम्प की जिम्मेदारी है। यह शासन की घोर लापरवाही का नमूना है। नियमानुसार एक मैकेनिक को अधिकतम 60 हैंडपम्प की जिम्मेदारी दी जा सकती है। जनता हैण्डपंपों में राइजिंग पाइप बढ़ाने की मांग कर रही है। सिंह ने कहा कि उन्हें शिकायत मिली है कि सुविधा शुल्क न मिलने पर महीनों तक हैंडपम्पों में सुधार न होना आम बात हो चुकी है। संविदा कर्मियों को जिम्मेदारी देने से पंपों की मरम्मत में जमकर मनमानी की जा रही है। राइजिंग पाइप बढाने का काम केवल कागजों में चल रहा है। सिंह ने कहा कि सीधी जिले में जलजीवन मिशन की पानी की टंकी केवल देखने के लिये बनाई गई है क्योंकि करोड़ों का बजट खर्च होने के बाद भी गाँव वालों के घरों में लगी टोंटियों से पानी नहीं निकलता है। जलजीवन मिशन में घटिया काम हुआ है और अधिकारियों से सांठ-गांठ के चलते आधे अधूरे काम के बाद भी ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया है। यह सब सब तब हो रहा है जब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने शासन से मांग की है कि समय रहते सीधी जिले की पानी की समस्या का निराकरण किया जाये अन्यथा क्षेत्र में बड़े जनांदोलन से इन्कार नहीं किया जा सकता।

कमिश्नर ने मेंडियारास में निर्माणाधीन खेल मैदान कार्य का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में निर्माणाधीन खेल मैदान कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर को बताया गया कि मैदान 3 लेयर में निर्माण किया जा रहा है। प्रथम लेयर में मिट्टी, द्वितीय लेयर में क्रेशर गिट्टी, तृतीय लेयर में रेतीली मिट्टी जिससे पानी रुके नहीं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि मैदान में क्रिकेट, वालीबाल एवं बास्केटबॉल खेलने की सुविधा खिलाड़ियों को मुहैया होगी। इस दौरान कमिश्नर ने बाउंड्री वॉल कार्य का भी निरीक्षण किया। कमिश्नर बाउंड्री वॉल कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने ड्रेनेज सिस्टम की बेहतर व्यवस्था बनाने एवं मैदान का स्लोप के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर ने समय सीमा में खेल मैदान पूर्ण करने के भी निर्देश अधिकारियों के दिए।

छात्रवृत्ति संबंधी अशासकीय शालाओं की कार्यशाला 03 मई को

सीधी

जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि शिक्षा पोर्टल और एमपी टास्क के माध्यम से सत्र 2022-23 और 2023-24 की शासन द्वारा नियत दर, नियम एवं पात्रता अनुसार समेकित छात्रवृत्ति के क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रचलन में है। उक्त के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं सूचनाओं से सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों को समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया जाता रहा है इसके बावजूद दिनांक 27.04.2024 की पोर्टल से प्राप्त स्टेट्स रिपोर्ट अनुसार यह पाया गया है कि अशासकीय विद्यालयों द्वारा शिक्षा पोर्टल पर असफल हुए खातों को सुधार करने एवं एमपी टास्क पोर्टल पर अपने स्कूल में सत्र 2022-23 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की एमपीटास्क पोर्टल पर प्रोफाइल तैयार करने में रूचि प्रदर्शित नहीं की जा रही है। जिसके कारण जिले की राज्य स्तर से जारी रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जिले की न्यून कार्य प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है यह स्थिति उपयुक्त नहीं है।

उन्होने पत्र के माध्यम से समस्त प्राचार्य, प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधक अशासकीय शालाएं को सूचित किया है कि सभी स्कूल संचालक दिनांक 03.05.2024 को समय 12 बजे दोपहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के सभागार में आयोजित बैठक सह कार्यशाला में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। शिक्षा पोर्टल पर सत्र 2023-24 में मिशन-1 क्लिक के माध्यम से ऑनलाइन प्रेषित छात्रवृत्ति अंतर्गत असफल हुए खातों से संबंधित शालावार एवं छात्रवार प्रेषित छात्रवृत्ति अंतर्गत असफल हुए खातों से संबंधित शालावार एवं छात्रवार प्रेषित सूची अनुसार छात्रों की समग्र आई.डी. एवं असफल हुए खातों के स्थान पर नवीन/सुधार योग्य खातों की जानकारी, एमपीटास्क पोर्टल पर सत्र 2022-23 में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत रहे एससी/एसटी संवर्ग के समस्त छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति हेतु प्रोफाइल पंजीकरण हेतु शेष रह गये छात्र-छात्राओं से संबंधित दस्तावेज (समग्र आईडी, आधार एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति), शिक्षा पोर्टल पर सत्र 2023-24 में प्रोफाइल अपडेशन हेतु शेष रह गये छात्र-छात्राओं की जानकारी के साथ निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर अनिवार्यत: उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति को अत्यंत गंभीरता से लिया जायेगा।

डकैती के आरोपियों को 10 वर्ष की सजा

सीधी। बताया गया कि दिनांक 03.07.2021 को फरियादी / आहत सूरज उर्फ हार्दिक सोनी ने अस्साल चौकी सीधी मे इस आशय की सूचना दर्ज कराई कि वह ग्राम मझौली वार्ड क्रमांक 14 का निवासी है। अपने निवास घर के सामने गीता ज्वेशलर्स नाम की दुकान चलाता है। दिनांक 02.07.2021 को रोजाना की तरह खाना पीकर खाकर दुकान के अंदर सोया था तभी रात के करीब 02:30 बजे घर के पीछे वाले गेट को तोडकर पांच - सात लोग उसकी दुकान के अंदर घुस आये, तब उसकी नींद खुली, तो उसे चादर से ढक कर लाठी डण्डेव, तलवार व अन्य धारदार हथियार से उसके सिर व बदन पर हत्याी के आशय से मारने लगे व रस्सी, से उसके हाथ पैर बांध दिये और धमकी दिये कि अगर हल्लाब गोहार किये तो जान से मार देगें।

उसके बाद दुकान के अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात जिनमें से 2 किलो सोने के नये व पुराने बने आभूषण, कीमती करीब 75 लाख रूपये एवं 30 किलो चांदी के नये व पुराने बने आभूषण कीमती करीब 15 लाख रूपये एवं 50-60 हजार रूपये नगदी लूट व डकैती करके भाग गये। घटना की सूचना पर थाना मझौली में अपराध क्रमांक 615/21 अंतर्गत धारा 450, 395, 397, 307 भादवि पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई एवं अभियुक्तागण को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुकत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 10/2022 में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्री बृजेश किशोर पाण्डेकय सीधी द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, परिणामस्वरूप प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यांयालय के द्वारा अभियुकरगण बूढा सिंह पारधी तनय मेहीलाल सिंह पारधी उम्र 45 वर्ष निवासी मण्डवरा थाना पिपरई जिला अशोकनगर एवं दौलत सिंह पारधी तनय उदय सिंह पारधी उम्र 60 वर्ष निवासी विलायतकला थाना बडवारा जिला कटनी म.प्र. को धारा 412, 457, 395/397 एवं 307 भादवि के आरोप में क्रमश: कुल 10 वर्ष एवं 07 वर्ष के कठोर कारावास एवं क्रमश: 16,000/- एवं 10,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन

सीधी। मई माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पेयजल की समस्या से निजात के लिए वार्डों में रखी गई पानी की टंकी

सीधी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी मिनी अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 10 में साईं गार्डन के सामने क्रेटान बस्ती में हजार लीटर की पानी की टंकी रखवाई गई। पानी की टंकी उन स्थानों पर रखवाई जा रही है जहां पर जमीन में पानी की उपलब्धता नहीं है और ना ही वहां पर पाइपलाइन गई है। ऐसे स्थान पर वर्तमान में टैंकर से पानी पहुंचा जा रहा है क्योंकि एक टैंकर को एक स्थान

पर लगभग 3 घंटे खड़े रहना पड़ता है और उसे अन्य स्थानों पर पानी की सप्लाई में समस्या होती है इसलिए वर्तमान में इन टंकियां को टैंकर के माध्यम से भरा जाता है जिसमें लगभग 15 से 20 मिनट का समय लगता है और फिर टैंकर को अन्य स्थान पर भेज दिया जाता है। इससे समय की बचत होती और लोगों को आसानी से पानी उपलब्ध हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 10 में ही कोलान बस्ती में कत्था फैक्टरी के सामने पानी की टंकी रखवाई गई है जिससे लोगों को काफी सहूलियत हुई है। इन टंकियों को प्रतिदिन दो बार अर्थात सुबह और शाम भरा जाता है।

आदर्श आवासीय विद्यालय (सर्रा) चुरहट में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई

सीधी। प्राचार्य शासकीय आदर्श उ.मा.वि.चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत म.प्र. स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसाइटी भोपाल द्वारा संचालित आदर्श आवासीय विद्यालय (सर्रा) चुरहट जिला सीधी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र दिनांक 31.05.2024 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक छात्र एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र के लिए दूरभाष नंबर से संपर्क कर सकते हैं। प्राचार्य 9827258441 एवं प्रवेश प्रभारी पी.के. दीक्षित 9981530675 के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

उन्होने बताया कि केवल अनुसूचित जनजाति (एसटी) विद्यार्थी ही आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी का एमपीटास्क में प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। विद्यालय में प्रवेश समिति द्वारा महत्वपूर्ण तिथियों व रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। सीबीएसी/एमपी बोर्ड द्वारा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। मेरिट सूची के आधार में विद्यार्थियों का चयन किया जावेगा। एमपीबोर्ड में 60 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र ही पात्र होंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 31.05.2024 निर्धारित है।

यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के बच्चो ने श्रमिको का सम्मान किया

मजदूरो से बच्चो को श्रम करना सीखना चाहिए : रूचि दिव्या

समाज में श्रमशील ही प्रगतिशील है : श्रेजल

सीधी। यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मजदूरो के साथ मिलकर उन्हें टिका लगाकर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाई, और सभी लोग आपस में शहर के सभी श्रमिक बन्धुओं को अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। जिस पर

बच्चों को श्रमिक दिवस के बारे में जानकारी दी गई कि श्रमिको के योगदान के कारण ही हमारा समाज, क्षेत्र एवं देश विकास कर रहा है। श्रमवीरों के द्वारा हम सभी को उनकी तरह श्रम करना चाहिए, शर्म नहीं। जो वास्तव में श्रम करता है वही प्रगतिशील होता है। यदि हम समाज में श्रमवीरों का सम्मान करेगे, तो हमारा समाज प्रगति करेगा। साथ ही बच्चो को यह बताया गया कि श्रमवीर तपती धूप में, कड़ाके की ठंड में, खेत में, और दफ्तर में पूरी ईमानदारी से अपना श्रमदान करते है। जिनके कारण आज हमारा समाज प्रगति की राह पर आगे चल रहा है बच्चो को यह बताया गया कि आप भी इन्ही की तरह ईमानदारी और सच्चाई के साथ आपस में मिल-जुलकर पढ़ाई करनी चाहिए। अन्त परिचर्चा के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चो ने श्रमिको के साथ संवाद किया, साथ ही शिक्षको ने इस तरह से अपनी राय रखी। बच्चे भी स्वीकार किये श्रमजीवी हम सब के लिए खुले आसमान में 12 महीने में काम करके, हम सबको सुरक्षा देते है। चाहे वह हमारा खुद का घर ही क्यों न हो। अगर वो न बनातें आज शायद हम कहाँ होते। आपके कारण हम सड़क, बिजली, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, फैक्ट्री में जीता जागता ईमानदारी का उदाहरण पाते है। आज के बाद हम सभी आप के जैसे सच्ची ईमानदारी और कर्मठता के साथ खूब मन से पढ़ाई करेंगे।

सीटू ने मनाया श्रमिक दिवस

रीवा। मई दिवस के ऐतिहासिक मौके पर रीवा शहर के विवेकानन्द पार्क में सेन्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन (सीटू) द्वारा संगठन के पदाधिकारियों व मजदूर किसान नेताओं की उपस्थिति में ''दुनिया भर के मजदूरों एक हो'' नारे के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए 1886 में अमरीका के शिकागो शहर में 1 मई को 8 घन्टे काम, 8 घन्टे आराम तथा 8 घन्टे परिवार व मनोरंजन की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे मजदूरों की शहादत को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बोलते हुए श्रमिक नेताओं ने कहा कि दुनिया भर में साम्राज्यवाद व पूंजीवाद के खिलाफ मजदूर वर्ग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत में भी अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय पूंजी द्वारा मजदूरों पर किये जा रहे हमले व सरकार की पूंजीवादी नीति जिससे देश की अस्मिता दांव पर है के खिलाफ श्रमिक संगठन अपनी पूरी ताकत से आबाज उठा रहे हैं। वर्तमान में संवैधानिक संस्थायें सरकार की फासीवादी व तानाशाही नीति के कारण चरमरा रही है। श्रमिक वर्ग के सामने शोषण विहीन समाज की दिशा में आगे बढ़ने के लिए तथा संघर्षो से हासिल अभी तक के कानूनी उपलब्धियों को बचाये रखने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने के अलावा कोई रास्ता बचा नहीं है। इस मौके पर श्रमिक नेताओं ने किसानों मजदूरों की व्यापक वर्गीय एकता बनाकर मजदूरों के हितों बने कानूनों की रक्षा करने तथा इसमें हमला कर पूंजीपतियों को मुनाफा देकर शोषण करने वाली सरकारों के खिलाफ हर मोर्चे पर निर्णायक संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।

हमारी सबसे बड़ी पूंजी शरीर का स्वस्थ होना, शरीर हेतु खेलकूद जरुरी : कमिश्नर

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस जामोद ने कहा है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो, इसके लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा हमारी सबसे बड़ी पूंजी शरीर का स्वस्थ होना है, इसके बिना हम कोई भी कार्य नहीं कर सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद की गतिविधियां आवश्यक हैं, शरीर स्वस्थ होगा तो हम सब कुछ अर्जित कर सकते हैं। उक्त उद्गार कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद ने प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियो में दक्ष बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलकूद के साथ चित्रकला, कविता, लेखन, योग आदि की गतिविधियां ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में शामिल है तथा प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों से बच्चे छोटी सी छोटी चीजों को सीखें और अपनी कला को निखारकर आगे बढ़े।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन श्री डी.सी. सागर ने कहा कि कोई भी कार्य में सफल होने के लिए एकाग्रता का होना आवश्यक है, हम एकाग्रता के बिना कार्यों में सफल नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में खेलों का प्रशिक्षण लें तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए चना, मूंग जिससे अन्य पौष्टिक आहार जरुर खाए, खेलने ले पहले खिलाड़ी कुछ पौष्टिक आहार का सेवन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खेलकूद से शरीर के विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री सहदेव मरावी ने अभी अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद एवं एडीजीपी श्री डी.सी. सागर ने सूर्य नमस्कार में सहभागिता निभाई तथा खेलो का महत्व बताने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया।

मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता हैं : कमिश्नर

छात्रों को पढ़ाई छुड़वाना नहीं, आगे बढ़ाना है: कमिश्नर

कमिश्नर ने मेंडियारास में आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों को किया सम्मानित

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद ने कहा है कि मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता होते हैं। मजदूरों के बिना देश में कोई भी निर्माण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है। यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि मैं मेंडियारास के पवित्र भूमि में आप सभी मजदूर भाइयों के बीच आया हूं। मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मजदूरों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। मजदूर कितना भी बड़ा कार्य क्यों ना हो, कार्य करना है, सिर्फ यह जानता है तथा बड़े-बड़े निर्माण कार्य मजदूरों के बिना संभव नहीं है। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद आज अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कमिश्नर ने सभी मजदूरों को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। हमें बच्चों की पढ़ाई छुड़वाना नहीं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाना है। बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूलों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। छात्रों के सभी परिजन उन सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाई कराएं, जिससे बच्चा अपने पैर पर खड़ा होकर अपने मां-बाप का नाम रोशन कर सके तथा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभा सके। कमिश्नर ने कहा कि हर मां-बाप का सपना होता है कि हमारा बच्चा हमसे भी चार कदम आगे बढ़े, वह सपना सिर्फ शिक्षा ही पूरी कर सकती हैं। अगर कोई छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे रुकने की आवश्यकता नहीं है, निरंतर पढ़ाई जारी रख आगे बढ़ सकते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ठ ने कहा कि मजदूरों के मेहनत का नतीजा है कि जिले में सभी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूर देश की संरचना होते हैं उन्हें से ही देश में हो रहे निर्माण एवं विकास कार्य संभव हो पाते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा है कि मजदूरों का देश में अलग ही महत्व है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को यहां रोजगार एवं बेहतर सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए पूरा जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि जिले में मजदूरों को बेहतर रोजगार मिले इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर का महत्व कम नहीं है, मजदूर पर पूरे निर्माण कार्य निहित होते हैं। मजदूरों को बेहतर रोजगार मुहैया हो, पलायन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का सम्मान करने में अत्यधिक प्रसन्नता महसूस हो रही है।

कार्यक्रम में कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद, कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ एवं अन्य अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक बुल्की कोल, मीना कोल, रमजान मुबारक, रोशनी कुशवाहा, बब्बी बाई यादव, ललित सिंह, शिवदास चौधरी, मनोज सोनी, पकौला कोल एवं सुमित्रा कोल सहित अन्य श्रमिकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर सहित अनूपपुर जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

युवा बेरोजगारी अधिक

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (अईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसद युवा हैं। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है।

उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है।

वोटरों को प्रभावित करता पैसा और नशा

संजीव ठाकुर

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता।

तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं, जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है।

चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्त अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर मृत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6 प्रतिशत देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42 प्रतिशत, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7 प्रतिशत, भारत खुद 6 प्रतिशत तथा रूस में इसका 5 प्रतिशत उपयोग होता है।

भारत में 2008 में 17 मि. टन हीरोइन की खबत होती थी और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी. टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6 प्रतिशत है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है। पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है। इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है

एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25त्न महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60त्न से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है।

यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है। मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था।फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज कर दिया] जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आज आया है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा। वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो,चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसरा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है।अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता।कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं। अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं. कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए। अब आप सभी चाहते हैं कि हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए निर्देश जारी करें।बेंच ने कहा, यदि जरूरी हुआ तो वो मौजूदा ईवीएम सिस्टम को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में चुनाव आयोग से कहा था कि किसी संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के साथ वीवीपैट की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी जाए।

साथियों बात अगर हम इस केस और फैसले के असर को सभी पक्षकारों के नजरिए से समझने की कोशिश करें तो, केस और फैसले के असर को इन सभी पक्षों के नजरिए से समझते हैं (1) आम आदमी यानी मतदाता सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।(2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स, फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा।

वर्ग पहेली 5357

1	2	3	■	4	5	6	
7			■	8			■
■	9		10		■	11	12
13	■	■	14		15	■	
16	17			■	18	19	
20		■		■	21		■
22			■	23			■
■		■	24			■	■

संकेतः बाएं से दाएं
1. 10 जून 1933 को मार्गरेट थैचर इस देश की पुनः प्रधानमंत्री चुनी गई (3)
4. दक्षिण अमेरिका की यह जल की मात्रा के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी नदी है (4)
7. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
8. सेवा, तीमारदारी, खिदमत (3)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
11. वाक्य का अप्रभंश, बोलता हुआ (2)
14. गृह या भवन को यह भी कहते है (3)
16. प्रतिवासी, पडोसी (4)
18. राजा का निवास, भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म (3)
20. पाषाण पटल, शिला, पेषणी (2)
21. उच्चवर्णीण, अंडज, यज्ञोपवीतधारी (2)
22. वह धन जो श्रमादि करके उपार्जि किया हुआ हो (3)
23. वह बाल जिसका पिता का निधन हो गया हो (उर्दू)(3)
24. नदी को अपभ्रंश (3)

ऊपर से नीचे
1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार (3)
3. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
4. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
5. वर्षा, प्रमेह, नर बकरी (2)
6. नवजात शिशु के आगमन पर खुशी हजाहर करने पर महिलाओं का जमावड़ा, प्रदर्शनी (3)
10. जड़, नींव, आधार (4)
12. कोई विलक्षण कार्य, करतब (3)
13. हिम्मती, पराक्रमी, बहादुर (4)
15. कार्तिक शुक्ल द्वितीया को होने वाला भाईदूज पर्व इस नाम से भी जाना जाता है (5)
17. पुरूषोत्तम मास, अधिक मास (4)
19. पचित, पचेलिम, पचा हुआ (3)
23. जो, अगर (2)

वर्ग पहेली 5356 का हल

कि	र	ण	बे	दी	■	ग	ज
ता	न	■	गा	न	मं	ड	ली
ब	र	स	ना	■	■	क	ल
फ	■	मा	■	भू	सा	■	■
रो	ज	ना	म	चा	■	आ	शा
श	ल	■	त	ल	ब	गा	र
■	पा	य	ल	■	ह	मी	दा
सी	न	■	बी	त	ना	■	■

कैरियर गाइडेंस से उत्कृष्ट कोर्स के चयन से करियर में निखार

डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी

करियर गाइडेंस हर एक विद्यार्थी के जीवन में महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इससे विद्यार्थी के पूरे जीवन का कार्य तय होता है। जब एक विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करता है तो उसे अपने करियर के लिए अगले कदम के बारे में सोचना चाहिए। उसके पास कई विकल्प होते हैं जैसे कि स्नातक, डिप्लोमा, पेशेवर पाठ्यक्रम आदि।

स्नातक कोर्स बहुत महत्वपूर्ण चयन हो सकता है। स्नातक के बाद एक विद्यार्थी कई तरह के क्षेत्रों में जा सकता है जैसे कि कला, वाणिज्य, विज्ञान, फार्मा, वेटेरनरी, नर्सिंग आदि। विद्यार्थी को अपनी रुचि और स्वभाव के अनुसार सही कोर्स चुनना चाहिए। उच्च शिक्षा लेने का मुख्य कारण यह है कि इससे व्यक्ति की सोचने का तरीका बदल जाता है और उसके दिमाग में नए विचार आते हैं। इससे उसका विकास होता है और वह एक समाजशास्त्री, नैतिकता और अन्य क्षेत्रों में अध्ययन करके समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उच्च शिक्षा से न केवल व्यक्ति का करियर प्रगति करता है, बल्कि उसे स्वप्नों को पूरा करने की क्षमता भी प्राप्त होती है। किसी भी संस्थान का चयन करते समय, विद्यार्थी को उसकी मान्यता, शिक्षा का स्तर, संस्थान की संरचना, और सुविधाएं ध्यान में रखनी चाहिए। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार उच्च व्यवस्थाओं को चुनना चाहिए। कई संस्थान विभिन्न कोर्स कला, वाणिज्य, विज्ञान, भौतिक शिक्षा, कन्या विज्ञान, बिजनेस स्टडीज, गर्मी एवं ऊर्जा, कंप्यूटर एन्जिनियरिंग, फार्मेसी आदि में उपलब्ध कोर्स प्रदान करते हैं। वेटेरनरी साइंस, नर्सिंग, फार्मेसी, या अन्य क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से विद्यार्थी का करियर निखर सकता है। इसके अलावा, कुशलता और अच्छी शिक्षा से व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकता है। उच्च शिक्षा से किसी के जीवन में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और वह अपने मार्ग को स्वयं चुन सकता है।

विभिन्न सेक्टर में रोजगार के अच्छे अवसर

- इन कोर्सों से विभिन्न सेक्टर में रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। कोर्स के उत्कृष्ट चयन एवं कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने से कई विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर आसानी से मिल सकते हैं, जैसे कि फार्मास्यूटिकल्स मैनेजमेंट, शिक्षा, हेल्थकेयर, डिजाइन, टेक्नोलॉजी, आर्ट और कला, वित्तीय सेवाएं, होटल मैनेजमेंट, पर्यटन, ग्राफिक्स डिजाइन आदि।

अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद आप मानचित्र सहित अन्य उत्पादों के विकास में भी अपनी क्षमताएं दिखा सकते हैं। आप योग्यता और विशेषज्ञता के हिसाब से विभिन्न स्थानों पर काम पा सकते हैं और अपने करियर में उच्चस्तर की सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में रोजगार के अवसर बढ़ते जा रहे हैं, जिससे युवाओं को नए और आकर्षक करियर विकल्प मिल रहे हैं। वर्तमान में नवाचार और दक्षता को महत्व दिया जाता है, जिससे आप अपनी सीमाओं को लांघ कर अच्छे रोजगार के लिए तैयार हो सकते हैं। इस प्रकार, करियर के संदर्भ में उच्च शिक्षा और उसे ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट कोर्स का चयन करके हम अपने भविष्य को और भी बेहतर बना सकते हैं। विद्यार्थी को उच्च शिक्षा में उच्चतम स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सके और समाज में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

आज का राशिफल

मेष
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

वृषभ
लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मिथुन
दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कर्क
विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत= ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह
आज आपको किसी प्रकार का लाभ और उपहार मिलेगा। आप अपनी शान और शौकत के लिए खर्च करेंगे। अपनी वाक्पटुता और कार्यकुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में सक्षम रहेंगे। शाम के वक?त आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। देर रात आपकी रुचि धर्म के मामले में रहेगी।

कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होगी। देर रात ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपको आज किसी मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपका भाग?य आज साथ देगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

तुला
आज आपको कुछ मामलों में अपने पसंद का काम करने को मिलेगा। समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ेगा और लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

धनु
आज का दिन सामाजिक कार्य में बीतेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। यदि आप अपने मन की बात को शीघ्र दूसरों से उजागर न करें तो रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपके स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है। खानपान में नियंत्रण रखें और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

कुंभ
आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं से भरा होगा। आपकी रुचि धर्म के मामले में रहेगी। आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा। आप आज अच?छे कार्य में खर्च करेंगे।

वृश्चिक
आज दिन मिश्रित फल वाला होगा। आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आ सकते हैं जो कि आपको मजबूरी में करने पड़ सकते हैं। इन खर्च की वजह से आपकी खिन्नता और बढ़ जाएगी। शाम के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

मकर
आज आपको निर्णय लेने की क्षमता से लाभ होगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका कोई विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें आपकी जीत होगी और सफलता प्राप?त होगी। धन का लाभ होगा। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक का समय ईश्वर की सेवा के कार्य में आपका मन लगेगा। आपको आज लाभ प्राप्ति के योग हैं।

मीन
आज का दिन सावधानी से हर काम करने का है। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगी। आप अपनी वाक्पटुता से शीघ्र ही दूर कर लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

बदनाम है प्रज्वल रेवन्ना, उसके सेक्स स्कैंडल का प्रधानमंत्री मोदी को पता था : ओवैसी

हैदराबाद, एजेंसी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ''गंदी हरकतों'' के बारे में पता था, इसके बावजूद वह उनके लिए प्रचार करने गये। बता दें कि प्रज्वल के सेक्स स्कैंडल मामले में पार्टी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। उधर, एसआईटी मामले में जांच कर रही है और रेवन्ना विदेश में शरण लिए हुए हैं। ओवैसी ने आरोप लगाया, ''उन्होंने (प्रज्वल ने) बेबस और अबला असहाय महिलाओं के 2000 वीडियो बनाए...मोदी गए और उनके लिए वोट मांगे। तमाशा यह है कि जब वीडियो सामने आए तो वह (रेवन्ना) रातों-रात जर्मनी भाग गए। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कर्नाटक के हासन जिले में सैकड़ों महिलाओं के यौन उत्पीड़न में प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाली कई वीडियो विलप हाल के दिनों में सामने आई हैं। रेवन्ना पर उनकी मेड ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। मामला जब सीएम सिद्धारमैया के संज्ञान में लाया गया तो मुकदमा दर्ज हुआ और एसआईटी जांच शुरू हुई। रेवन्ना हासन लोकसभा सीट से सिटिंग सांसद हैं और इसी सीट पर पार्टी के प्रत्याशी भी। उनकी सीट पर बीते 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। ओवैसी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी ''नारी शक्ति'' के बारे में बात करते हैं और मुस्लिम महिलाओं का भाई होने का दावा करते हैं। ओवैसी ने कटाक्ष करते हुए कहा ''लेकिन हमें ऐसा भाई नहीं चाहिए।'' ओवैसी ने कहा, ''प्रधानमंत्री आपके पास खुफिया विभाग है। आपके पास रॉ है। आपके पास सब कुछ है। आप जानते हैं कि यह आदमी (प्रज्वल) बदनाम है। गंदा है। वह इंसान कहलाने लायक भी नहीं है। फिर भी आप उनके लिए वोट मांगने गए।

अजमेर लोकसभा क्षेत्र के एक पोलिंग बूथ पर दोबारा मतदान आज होगा, आदेश जारी

अजमेर, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान

राजस्थान के अजमेर लोकसभा क्षेत्र में नान्दसी गाँव में एक पोलिंग बूथ पर पुनर्मतदान के लिए निर्देश जारी किए हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के दौरान 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान गुरुवार 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा. गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने आयोग के निर्देशानुसार पुनर्मतदान की सभी तैयारियां कर ली हैं। अजमेर के नानसी स्थित मतदान केंद्र पर फिर से मतदान कराया जाएगा. बताया गया कि नानसी स्थित बूथ पर मतदान के दौरान कुछ गड़बड़ियां हुई थी। जिस कारण चुनाव आयोग ने यहां फिर से मतदान कराने का निर्णय लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार अजमेर की नानसी स्थित बूथ पर 2 मई को मतदान होगा। बता दें कि नानसी अजमेर की मसूदा विधानसभा क्षेत्र में है। ग्राम पंचायत नानसी के बूथ संख्या 195 पर रि-पोलिंग होगी. यहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। बताया जाता है कि वोटिंग के बाद मतदान दल से जरूरी दस्तावेजों का बैग गायब हो गया था। इस मामले में पोलिंग पार्टी पर भी कार्रवाई हुई थी।अब नानसी के बूथ संख्या 195 पर 2 मई को सुबह 7:00 से 5:00 बजे तक फिर से मतदान कराया जाएगा। बताया गया कि इस बूथ पर करीब 700 मतदाता है। बताया गया कि भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के चीफ इलेक्शन एजेंट महेंद्र चौधरी के पास रिटर्निंग ऑफिस से फोन आया था।

मुंबई के सेंट्रल की तरह चारबाग, अयोध्या और वाराणसी स्टेशन पर होंगी सुविधाएं

मुंबई , एजेंसी। मुंबई के सेंट्रल स्टेशन की तरह चारबाग, अयोध्या और वाराणसी में भी पॉड होटल की सुविधा जल्द मिल सकती है। पिछले दिनों उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा के साथ हुई बैठक में वेंडर्स ने कई सुझाव दिए थे। इसमें पीपीपी मॉडल पर लखनऊ मंडल के बड़े रेलवे स्टेशनों पर पॉड होटल का भी सुझाव आया है। यात्रियों की डिमांड और सुविधा को देखते हुए रेलवे के अफसरों को यह सुझाव पसंद आया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस पर विचार करते हुए इसको अमलीजामा पहनाया जाएगा। गौरतलब है कि पॉड होटल में छोटे-छोटे केबिननुमा (कैप्सूल की तरह) बेडयुक्त कमरे होंगे। पाड होटल में विश्राम के लिए कंपार्टमेंट की तरह पुरुष, महिला और दिव्यांगजन के लिए छोटे-छोटे कमरे बने होते हैं। कमरों में होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं।

हिमाचल में भाजपा के सामने कांग्रेस के नए चहरे, कहीं क्लीन बनाम किंग तो कहीं ब्राह्मणों के बीच मुकाबला

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में इस बार का लोकसभा चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है। राज्य की सभी चार सीटों पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस के नए चेहरों से होगा। कांगड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को उतारकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। उनका मुकाबला भाजपा के राजीव भारद्वाज से होगा। हमीरपुर से भाजपा के कदावर नेता अनुराग ठाकुर के खिलाफ कांग्रेस ने ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा पर दांव खेला है। सतपाल रायजादा वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे सतपाल सिंह सत्ती को हरा चुके हैं। दोनों सीटों पर कांग्रेस ने जातीय संतुलन को साधने की कोशिश की है। कांग्रेस ने हमीरपुर में राजपूत वोटरों के वर्चस्व को देखते हुए सतपाल रायजादा को मैदान में उतारा है। भाजपा उम्मीदवार व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी राजपूत हैं। कांगड़ा सीट पर दोनों दलों ने ब्राह्मण चेहरों पर भरोसा जताया है। खास बात यह है कि कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। 71 वर्षीय आंनद शर्मा हिमाचल से दो बार राज्यसभा सांसद रहे हैं। वह यूपीए सरकार के दो कार्यकालों में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। शिमला के मूल निवासी आंनद शर्मा को कांगड़ा से उतारने के कांग्रेस आलकमान के फैसले को चौंकाने वाला माना जा रहा है। राज्य

की अन्य दो सीटों मंडी और शिमला में कांग्रेस पहले ही उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

देश भर में मंडी लोकसभा सीट चर्चा में बनी हुई है। इस सीट पर भाजपा ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट दी है, वहीं कांग्रेस की ओर से दिवंगत वीरभद्र के बेटे विक्रमादित्य सिंह के उतरने से चुनाव हाई प्रोफाइल व रोमांचक बन गया है। इस सीट पर वीरभद्र परिवार का वर्चस्व रहा है। वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह मंडी सीट से वर्तमान सांसद हैं। विक्रमादित्य सिंह रामपुर सियासत के राजा हैं। ऐसे में इस सीट पर क्लीन बनाम किंग का मुकाबला होगा। भाजपा ने दो और कांग्रेस ने चारों सीटों पर बदले उम्मीदवार लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी चार सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल की थी, बावजूद इसके पार्टी ने यहां दो उम्मीदवार बदल दिए हैं। मंडी से पूर्व प्रत्याशी व सांसद रहे रामस्वरूप शर्मा के निधन के कारण कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया गया है। कांगड़ा सीट पर किशन कपूर की जगह संगठन से जुड़े राजीव भारद्वाज चुनाव मैदान में हैं। जिन दो सीटों में भाजपा ने अपने मौजूद उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है, उनमें हमीरपुर से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप शामिल हैं। अनुराग ठाकुर हमीरपुर से लगातार चार बार जीत चुके हैं। शिमला से सुरेश कश्यप दूसरा लोकसभा चुनाव जीतने के इरादे से मैदान में हैं।

कांग्रेस ने सभी चार सीटों पर नए उम्मीदवारों पर दांव चला है। खास बात यह है कि सभी चारों उम्मीदवार पहली बार लोकसभा के रण में किस्मत आजमा रहे हैं। कांगड़ा से आनंद शर्मा को छोड़कर अन्य तीन सीटों पर युवाओं को उतारकर कांग्रेस की कवायद युवा वोटरों को आकर्षित करने की है। मंडी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह 35 साल के हैं। शिमला से विनोद सुल्तानपुरी 42 और सतपाल रायजादा 52 वर्षीय हैं। वहीं भाजपा की बात करें तो मंडी से कंगना रनौत 37 वर्ष, हमीरपुर से अनुराग ठाकुर 49, शिमला से सुरेश कश्यप 53 और कांगड़ा से राजीव भारद्वाज 58 साल के हैं।

हमीरपुर और कांगड़ा में टिकट तय करने में कांग्रेस के छूटे पसीने : हमीरपुर और कांगड़ा में कांग्रेस को उम्मीदवार तय करने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। दोनों सीटों पर कांग्रेस आलाकमान को मनमाफिक उम्मीदवार नहीं मिल पाए। हमीरपुर से अनुराग ठाकुर के सामने कांग्रेस हाईकमान बड़ा चेहरा उतारना चाह रही थी। कांग्रेस के सर्वे में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सबसे मजबूत उम्मीदवार के तौर पर उभरे, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। इसी तरह कांगड़ा से युवा विधायक रघुबीर बाली के नाम पर मंथन चल रहा था, लेकिन उन्होंने भी चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट पर सामने आया एस्ट्राजेनेका का बयान, कहा- हमारी सहानुभूति है

नईदिल्ली, एजेंसी। झकोविड-19 वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड का बयान सामने आने के बाद हंगामा मचा हुआ है। इस बीच कंपनी ने मंगलवार को रोगियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही कहा कि कुछ ही दुर्लभ मामलों में खून रक्त के थक्के बनने और प्लेटलेट कम होने की संभावना है। आपको बता दें कि भारत में कोविशील्ड के नाम से यह टीका दी जाती है। इसे पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा बनाया गया है। यह पहली बार नहीं है जब एस्ट्राजेनेका ने कोविड वैक्सीन से जुड़े दुष्प्रभावों की बात स्वीकारा है। ब्रिटेन की एक अदालत में कंपनी के खिलाफ 100 मिलियन पाउंड का मुकदमा चल रहा है। कंपनी ने यह स्वीकार किया है कि अत्यंत दुर्लभ मामलों में टीका थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) का कारण बन सकता है। एस्ट्राजेनेका ने एक बयान में कहा, हमारी सहानुभूति उन लोगों के प्रति है जिन्होंने वैक्सीन के साइड इफेक्ट के कारण अपने प्रियजनों को खोया है। या फिर उन्हें कोई गंभीर समस्या हुई है। रोगियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। टीके सहित सभी दवाओं के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास स्पष्ट और कड़े मानक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने टीके को 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए सुरक्षित और प्रभावी बताया है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एमआरएनए तकनीक के बजाय वायरल वेक्टर प्लेटफॉर्म का उपयोग करके कोविशील्ड कोविड-19 वैक्सीन विकसित की है। यह टीका मानव कोशिकाओं में कोविड-19 स्पाइक प्रोटीन को ले जाने के लिए एक संशोधित चिंपैंजी एडेनोवायरस सीएचएडीओएक्स1 का उपयोग करता है। हालांकि यह

संत करतार सिंह खालसा के भतीजे बलविंदर सिंह की हत्या : बटाला, एजेंसी। गुरुद्वारा श्रीरामसर के मुख्य सेवादार की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। दमदमी टकसाल के 13वें मुखी संत करतार सिंह खालसा के भतीजे व संत समाज के मुख्य प्रवक्ता भाई बलविंदर सिंह खालसा की मंगलवार देर रात बेहद दर्दनाक तरीके से हत्या को अंजाम दिया गया है। वह पुलिस थाना घुमान के अंतर्गत अठवाल नहर के पुल के पास गुरुद्वारा श्री रामसर के मुख्य सेवादार थे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर बटाला अस्पताल भिजवा दिया है। सेवादार की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस इस बाबत आगे की कार्यवाही में जुटी है। वहीं हत्या के पीछे क्या वजह थी और हत्यारे कौन थे, इसका अभी कोई खबर नहीं है। बता दें कि दमदमी टकसाल एक सिख संगठन है। इस संगठन का प्रमुख जरनैल सिंह भिंडरावाले भी रह चुका है।

पीलीभीत में सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत

पीलीभीत, एजेंसी। पूरनपुर कोतवाली इलाके के घनाराघाट के पास भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सभी एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। उनकी गाड़ी पेड़ से टकराने के कारण हादसा हुआ। कार चालक गाड़ी को संभाल नहीं पाया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड के शक्ति फार्म के निवासी कुछ लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। एक गाड़ी में 10 लोग सवार थे। अचानक पीलीभीत के पास धनारा घाट रोड पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर जंगल में पेड़ से टकरा गई। गाड़ी सड़क पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि सवारियों को कुछ समझने का मौका भी नहीं मिला। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और 7 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार सवार 10 लोग शादी समारोह में जा रहे थे। गाड़ी का नियंत्रण खोने के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। गाड़ी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हुई। तीनों मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्द आएगी। घायलों का इलाज जारी है। हादसे की आवाज से आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई।

देवरिया में पुजारी की पीट-पीटकर हत्या, दो साल पहले हुए झगड़े को लेकर मनबढ़ों ने की वारदात

देवरिया , एजेंसी। यूपी के देवरिया जिले के भलुअनी थाना क्षेत्र के बारीपुर स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर के पुजारी की मंगलवार की रात करीब नौ बजे गोलबंद मनबढ़ों ने पीटकर हत्या कर दी। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वारदात की वजह दो दिन पहले हुआ विवाद बताया जा रहा है। मंदिर के उत्तराधिकारी ने हत्याकांड के लिए पुलिस को जिम्मेदार बताया है।

भलुअनी थाना क्षेत्र के तेनुआ चौबे गांव के रहने वाले अशोक चौबे (60) बारीपुर मंदिर में पुजारी थे। मंगलवार की रात वह अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे। इसी बीच 15 से 20 की संख्या में गांव के मनबढ़ लाठी-फरसा, ईंट-पत्थर लेकर ललकारते हुए उनके दरवाजे पर पहुंच गए। इसके पहले कि अशोक कुछ समझ पाते,गोलबंद लोगों ने अशोक पर हमला बोल दिया। पिटाई से लहूलुहान अशोक दरवाजे पर अचेत होकर गिर पड़े। उन्हें मरा समझकर हमलावर भाग गए। परिजन मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दो दिन पहले के विवाद में हुई पुजारी की हत्या भलुअनी थाना क्षेत्र के बारीपुर स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर के पुजारी की हत्या के पीछे कारण दो दिन पूराना विवाद बताया जा रहा है। एसपी संकल्प शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली और मौका मुआयना भी किया। सूचना पर मन्दिर के पीठाधीश्वर शिवचरण दास व उत्तराधिकारी गोपालदास सहित बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे। वहीं, क्षेत्राधिकारी आदित्य गौतम और थानाध्यक्ष अर्चना सिंह ने गांव में छापेमारी कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। मन्दिर के उत्तराधिकारी गोपालदास ने कहा कि दो दिन पूर्व हुए विवाद में अशोक चौबे ने तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे आरोपियों के हौंसले बढ़ गए। ग्रामीणों की मानें तो हत्याकांड की जड़ में दो दिन पूर्व हुआ विवाद है। रविवार को गांव में एक

व्यक्ति के घर मुंडन था। रात में मीट और शराब का दौर चल रहा था। अशोक के घर के बगल में उनका भांजा किराने की दुकान चलाता है। रात के करीब 11 बजे कुछ लोग शराब के नशे में दुकान पर पहुंचे और दुकान खोलने पर जोर देने लगे अशोक ने उन्हें समझाया की रात को दुकान नहीं खुलेगी सुबह आएगा इसी बात को लेकर उन लोगों ने अशोक की पिटाई कर दी। मंगलवार को दिन में किसी ने गांव में यह चर्चा कर दी कि अशोक थाने पर नामजद तहरीर दिए हैं। इसी बात से आरोपी पक्ष खार खाया हुआ था। पुलिस की लापरवाही से हुई घटना बारीपुर मन्दिर के उत्तराधिकारी गोपालदास ने हत्याकांड के लिए भलुअनी पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि अशोक चौबे ने दो दिन पूर्व हुए विवाद में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। जिसका दुष्परिणाम यह हत्या है। देवरिया के एसपी संकल?प शर्मा ने बताया कि तेनुआ चौबे गांव के रहने वाले अशोक चौबे का गांव के ही पासवान परिवार से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी रंजिश में मंगलवार की देर रात कुछ लोगों ने उन्हें मारा पीटा। इस दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नक्सलियों के ठिकानों से पहली बार मिला बुलडोजर, अभी थमा नहीं छत्तीसगढ़ वाला बड़ा एनकाउंटर

नारायणपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे जवानों और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर शुरू हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों को अबूझमाड़ में घेर लिया। अब तक इस मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें तीन महिला नक्सली भी शामिल हैं। यूं तो नक्सलियों के ठिकानों से एके 47, इंसास राइफल समेत कई खतरनाक हथियार मिले हैं लेकिन जवानों को कुछऐसा भी दिखा जिसने सभी को हैरान कर दिया। दरअसल, पहली बार इन नक्सलियों के ठिकानों से बुलडोजर बरामद किया गया है।

पहली बार बुलडोजर बरामद : जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में जवानों की सर्चिंग अभियान अभी जारी है। खबर लिखते समय एनकाउंटर को शुरू हुए करीब चौबीस घंटे हो गए। लेकिन नक्सलियों की ओर से अभी भी रुक-रुक कर फायरिंग की जा रही है। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए। इसी के साथ हथियारों का जखीरा भी मिला।

आगे बढ़ने पर उन्हें एक बुलडोजर दिखा, यह नक्सलियों के डेरे का ही बताया गया।

अधिकारी भी हैरान : जवानों ने बुलडोजर मिलने की जानकारी अधिकारियों को दी, जिसे सुनकर वे भी हैरान हो गए। जानकारी के मुताबिक, एनकाउंटर के बाद अभी भी जवान जंगल में मौजूद हैं। नक्सलियों की मौजूदगी भी उस इलाके में बताई जा रही है। बुधवार सुबह 6 बजे तक कुल 10 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

अभी थमा नहीं एनकाउंटर : नक्सलियों को नारायणपुर में बड़ा नुकसान जरूर हुआ है पर कुछ अधिकारियों ने बताया कि सर्चिंग के दौरान मौके पर अभी भी नक्सली जवानों पर बीजीएल दाग रहे हैं। जिससे मौके पर नक्सलियों के मौजूद होने की खबर है। एसपी प्रभात कुमार जवानों के संपर्क में है। अभी जवानों की सकुशल वापसी बेहद महत्वपूर्ण है। लिहाजा एसपी समेत सभी अधिकारी जवानों की वापसी की रणनीति बना रहे है। ऐसे में यह एनकाउंटर बीते चौबीस घंटे से चल रहा है।

कांग्रेस को झटके पर झटका, अब नीरज बसोया और नसीब सिंह ने छोड़ी पार्टी

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस को एक और झटका लगा है। दिल्ली से कांग्रेस के पूर्व विधायक नसीब सिंह और नीरज बसोया ने भी पार्टी छोड़ दी है। कांग्रेस को 28 अप्रैल को भी एक बड़ा झटका लगा था, उस दिन अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के दो दिन बाद अब नसीब सिंह और नीरज बसोया ने पार्टी छोड़ दी है। नसीब और नीरज की नाराजगी की वजह भी वही है जो लवली की है।

आप के साथ गठबंधन अपमानजनक- नीरज बसोया : कांग्रेस पार्टी छोड़ते हुए नसीब सिंह और नीरज बसोया ने मल्लिकार्जुन खरगे को लेटर लिखा है। पूर्व विधायक नीरज बसोया ने अपने त्यागपत्र में लिखा, कांग्रेस के साथ आप का गठबंधन बहुत अपमानजनक है। ऐसा इसलिए क्योंकि आप पिछले सात सालों में कई घोटालों से जुड़ी रही है। वहीं आप के तीन बड़े नेता- अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं। दिल्ली शराब घोटाला और दिल्ली जल बोर्ड घोटाला जैसे कई गंभीर करप्शन के आरोप उस पार्टी पर लगाए गए हैं। नीरज ने आगे लिखा, कांग्रेस पार्टी और इसके नेताओं पर आप हमेशा आरोप लगाती रही है। आप के साथ गठबंधन कर ऐसा लग रहा कि कांग्रेस उन्हें क्लीन चीट दे रही है। मैं इसका हिस्सा नहीं बन सकता।

नसीब सिंह ने क्या लिखा : वहीं पूर्व विधायक नसीब सिंह ने खरगे को भेजे अपने त्यागपत्र में लिखा, देवेंद्र यादव को आपने (कांग्रेस आलाकमान) ने डीपीसीसी प्रमुख बनाया है। एआईसीसी (पंजाब प्रभारी) के रूप में उन्होंने अरविंद केजरीवाल के झूठे एजेंडे खिलाफ कैंपेन चलाया था। आज अब उन्हें दिल्ली में केजरीवाल की तारीफ और समर्थन करने का काम दिया गया है। पार्टी में जो कुछ हो रहा है उससे मैं बहुत दुखी हूं और पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। नसीब सिंह ने अपने पत्र में कांग्रेस और आप गठबंधन पर नाराजगी जताई है।

दोनों की लवली वाली ही नाराजगी : गौरतलब है कि 28 अप्रैल को अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कांग्रेस और आप के गठबंधन को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने कन्हैया कुमार और उदित राज को टिकट दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की थी। नसीब सिंह ने भी इसे लेकर आपत्ति जताई है। लवली ने कहा था कि आप हमेशा से कांग्रेस पर आरोप लगाती रही है बल्कि उसके कई नेता जेल में हैं। इन्हीं बातों को लेकर 1 मई को नसीब सिंह और नीरज बसोया ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है।

क्या सिर्फ मुसलमानों के बच्चे होते हैं? मेरे भी 5 हैं, मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान पर खड़गे का वार

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए बहुमत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में मंगलसूत्र और मुसलमानों का जिक्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा,हम बहुमत हासिल करने जा रहे हैं और इस वजह से मोदी हमेशा मंगलसूत्र और मुसलमानों के बारे में बात कर रहे हैं। वह कहते हैं कि हम आपका धन चुरा लेंगे और उन लोगों को दे देंगे जिनके अधिक बच्चे होंगे।

खड़गे ने कहा,गरीब लोगों के हमेशा अधिक बच्चे होते हैं। क्या केवल मुसलमानों के ही बच्चे होते हैं? मेरे पांच बच्चे हैं। खड़गे ने छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक चुनावी रैली में ये बातें कही हैं।

खड़गे पिछले हफ्ते राजस्थान में एक रैली में पीएम मोदी की टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था, इससे पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने कहा था कि मुसलमानों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार है। इसका मतलब है कि वे इस संपत्ति को उन लोगों को वितरित करेंगे जिनके अधिक बच्चे हैं। अपनी मां और चाचा की मौत का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा, मैं इकलौता बेटा था। मेरा घर जला दिया गया और सभी लोग मर गए। मेरे पिता ने कहा, मैं केवल तुम्हारे बच्चों को देखने

के लिए जीवित हूं। गरीब, जिनके पास धन नहीं होता है, उनके अधिक बच्चे होते हैं। मोदी केवल मुसलमानों को ही निशाना क्यों बनाते हैं? मुसलमान अपने देश में हैं। वे भारतीय हैं। आप उनके बहकावे में मत आओ और मिलकर देश बनाओ। इस देश को मत तोड़ो। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस 55 साल तक देश में सत्ता में रही और उसने किसी का मंगलसूत्र नहीं चुराया। उन्होंने कहा, क्या हमने जबरन कर लागू किया और लोगों को जेल में डालने के लिए ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया? पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने साहस दिखाया और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लाया। क्या भाजपा ने ऐसा कोई उपाय किया? हम खाद्य सुरक्षा कानून भी लाए। हमने यह नहीं कहा कि यह हमारी गारंटी है, लेकिन हमने यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसा किया कि देश में कोई भी भूखा न रहे और करोड़ों लोगों को फायदा हुआ। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीएम मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे पूर्व प्रधानमंत्रियों से नहीं की जा सकती है। क्या आप ऐसे व्यक्ति की तुलना पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री जी, राजीव गांधी जी से कर सकते हैं? मोदी उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी झूठों के सरदार हैं, वो झूठ पर झूठ बोलते हैं। वो कभी गरीबों का पक्ष नहीं लेते, केवल बात करते हैं। भाजपा वाले गरीबों की बात नहीं करते हैं, लेकिन अडानी-अंबानी की आमदनी बढ़ाते हैं। सुबह से शाम तक हमें और कांग्रेस को गालियां देते हैं। पार्टी की नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को गाली देते हैं। मुझे भी कभी-कभी गालियां देते हैं। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी और उनके चेले बार-बार 400 पार का नारा दे रहे हैं, लेकिन यह नारा गरीबों की भलाई, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों के लिए नहीं बल्कि सभी वर्गों को अधिकारों को खत्म करने के लिए 400 पार की बातें कर रहे हैं। हर जगह कह रहे हैं कि हमें बहुमत मिला तो हम संविधान बदलकर दिखाएंगे। खड़गे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर निशाना साधते हुए हुए कहा कि वह कहते हैं कि संविधान बदलने वाले नहीं हैं। रिजर्वेशन खत्म करने वाले नहीं हैं, यह ऐसे ही चलता रहेगा।

टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे राशिद खान

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान ने इस साल जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें राशिद खान टीम का नेतृत्व करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान ने 2022 संस्करण की तुलना में अपनी टीम में कुछ बदलाव किए हैं, जिसमें करीम जनत, मोहम्मद इशाक और नूर अहमद को टीम में शामिल किया गया है। हालाँकि, हशमतुल्लाह शाहिदी, जिन्होंने पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान का नेतृत्व किया था, टीम का हिस्सा नहीं हैं, उनकी आखिरी टी20 उपस्थिति 2022 में थी।

इस साल मार्च में आयरलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले युवा नांग्याल खरोती को भी टीम में जगह मिली है। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने उस श्रृंखला में तीन मैचों में केवल 5.90 की इकॉनमी से पांच विकेट लेकर प्रभावित किया।

जगह पक्की करने वाले एक और युवा अफगान खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद इशाक हैं, जो 2020 और 2022 अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अफगानिस्तान की टीम का हिस्सा थे। मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नांग्याल खरोती और अनुभवी मोहम्मद नबी के सहयोग से राशिद स्पिन विभाग का नेतृत्व करेंगे। नवीन-उल-हक, फरीद अहमद और फजलहक फारूक ने अपना स्थान बरकरार रखा है और अफगानिस्तान की तेज गेंदबाजी लाइन-अप बनाई है।

अफगानिस्तान टीमः

रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, राशिद खान (कप्तान), नांग्याल खरोती, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल- हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक
रिजर्वः सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए मेरे दिमाग में तीसरा नाम हमेशा शिवम दुबे का था: इयन बिशप

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने मंगलवार को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया. 15 सदस्यीय इस टीम में युवा ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी टीम में चुना गया है. इसके चयन पर वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयन बिशप भी उत्साहित हैं.

उन्होंने कहा कि मुझे दुबे के चयन का पूरा विश्वास था और जब भी मैं आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर टीम इंडिया के बारे में सोचता था तो मेरे मन में तीसरा नाम शिवम दुबे का ही आता था. शिवम दुबे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं और वह इन दिनों अपने बल्ले का खूब जलवा दिखा रहे हैं. घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलने वाला यह खिलाड़ी बेहतरीन बल्लेबाजी के साथ-साथ मीडियम फास्ट बॉलिंग भी कर लेता है.

हालांकि आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर के नियम के चलते उनकी गेंदबाजी देखने को नहीं मिली है लेकिन वह वर्ल्ड कप में अपने इस हुनर से भी योगदान देने को तैयार होंगे क्योंकि इम्पैक्ट प्लेयर का यह नियम इंटरनेशनल क्रिकेट में लागू नहीं है. इस सीजन सीएसके के लिए नंबर 4 और 5 पर खेल रहे इस लेफ्टहैंड बल्लेबाज ने कई आकर्षक और उपयोगी पारियां खेली हैं. बिशप भारतीय टीम के चयन के बाद आईपीएल प्रसारक चैनल स्टार स्पोर्ट्स पर चर्चा कर रहे थे. उन्होंने यहां बताया कि दुबे के टीम इंडिया में चयन पर उनका कोई रोल नहीं था. उन्होंने कहा, 'जब मैं 15 चुन रहा था, तो मैं रोहित, बुमराह, शिवम दुबे को और अन्य 12 को चुनता था और मुझे इसकी परवाह नहीं थी कि बाकी कौन होंगे. क्योंकि जब आप फॉर्म की बात कर रहे हैं तो इस आईपीएल में शिवम दुबे जब भी बैटिंग पर उतरे हैं तो उन्होंने लगभग हर बार हम मैच को बदलकर रख दिया है. तो ऐसे में अगर कप्तान और बुमराह के बाद किसी खिलाड़ी को होना था तो वह सबसे शिवम दुबे ही थे. बिशप ने कहा, 'जिस फॉर्म में वह हैं, सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि इससे पहले वह जब भी इंटरनेशनल मैचों पर खेले. अगर वह इस वर्ल्ड कप के पहले ही मैच से प्लेइंग XI में नहीं खेले तो यह भी एक मजाक ही होगा.

विश्वनाथ, आकाश, प्रीत एशियन अंडर-22 एवं यूथ बॉक्सिंग के सेमीफाइनल में

अस्ताना (कजाकिस्तान), एजेंसी। भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश, आकाश गोरखा और प्रीत मलिक मंगलवार को यहां एशियाई अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में शानदार जीत के साथ पुरुषों के अंडर-22 सेमीफाइनल में पहुंच गए। मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने भारत के लिए नेतृत्व किया और ईरान के हसनी सैयदरशाम पर ह्वावी होकर एकतरफा मुकाबले में 5-0 से आसान जीत हासिल की। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश (60 किग्रा) ने भी इसी तरह का प्रदर्शन करते हुए ईरान के इबादी अरमान को 5-0 के समान स्कोर से हराया।

इस बीच, प्रीत (67 किग्रा) को भी वियतनाम के गुयेन डुक एनगोक के खिलाफ पहले दौर में ही रेफरी स्टॉपिंग द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला खत्म करने में ज्यादा समय नहीं लगा। हालाँकि, कुणाल (75 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में ईरान के महशरी मोहम्मद के खिलाफ 0-5 से हारकर बाहर हो गए। अंडर-22 सेमीफाइनल शनिवार को खेला जाएगा। जुगनू (86 किग्रा), रिदम (+92 किग्रा), तमन्ना (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और प्रियंका (60 किग्रा) मंगलवार को अपना अंडर-22 क्वार्टर फाइनल खेलेंगे।

सोमवार देर रात, राहुल कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य राठी (+92 किग्रा), और लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और सृष्टि साठे (63 किग्रा) विजयी होकर युवा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। बुधवार को, नौ युवा भारतीय मुक्केबाज आर्यन (51 किग्रा), जतिन (57 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा), प्रियांशु (71 किग्रा), साहिल (80 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) पुरुष वर्ग में जबकि महिला वर्ग में निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमशः 6 और 7 मई को खेला जाएगा।

टी20 विश्व कप के लिए टी नटराजन को नजरअंदाज किए जाने पर तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन

चेन्नई, एजेंसी। टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद, तमिलनाडु में लोग लेफ्ट आर्म मीडियम फ़ास्ट बॉलर टी नटराजन को न चुने जाने के विरोध में उतर आए। अनुभवी डीएमके नेता टीआर बालू के बेटे और तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने भी तेज गेंदबाज की अनदेखी के बाद अपना दुख जाहिर किया।

राजा ने कहा कि नटराजन को भारतीय टीम में जगह नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य के उद्योग मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह देखकर अच्छा लगा कि इस पर व्यापक रूप से चर्चा हो रही है! लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले तमिलनाडु के एथलीटों को कई बार दिल्ली ने उनकी सही जगह से वंचित कर दिया है! यह अब अधिक बार हो रहा है लेकिन यह शासन से परे है। कई खेलों में दिल्ली इसी तरह से काम करती है दिल्ली ने ज्यादातर समय दक्षिण के कई बेहद प्रतिभाशाली एथलीटों की ओर से आंखें मूंद ली हैं! खेल और विचारधारा से परे कई एथलीट यह जानते हैं! खुशी है कि नटराजन और हमारे अन्य लड़के वास्तव में बेहतर के हकदार हैं। पूर्व भारतीय टेस्ट खिलाड़ी और तमिलनाडु के लिए घरेलू क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में से एक, एस बद्रीनाथ ने भी मंगलवार रात एक स्थानीय तमिल टेलीविजन शो में नटराजन को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नटराजन बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और उन्होंने आईपीएल सीजन में अच्छी संख्या में विकेट हासिल किए थे। उन्होंने कहा, तमिलनाडु के खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल होने के लिए अन्य क्षेत्रों के खिलाड़ियों की तुलना में दोगुना प्रदर्शन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वह खुद भारतीय टीम में इस तरह के भेदभाव का शिकार हो चुके हैं।

मौजूदा आईपीएल सीज़न में, नटराजन ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 7 मैचों में 13 विकेट लिए हैं। तमिलनाडु के एक रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी ने बात करते हुए नाम न छापने की शर्त पर कहा, नटराजन अपने चरम पर प्रदर्शन कर रहे हैं और वह टीम में चुने गए दो तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह से काफी ऊपर हैं। जबकि सिंह को 11 विकेट मिले हैं। मौजूदा आईपीएल में सिराज के नाम सिर्फ 6 विकेट हैं। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि नटराजन को जगह क्यों नहीं मिली, जो किसी भी क्रिकेट प्रारूप में बाएं हाथ के घातक तेज गेंदबाज हैं। वह टीम में बुमराह के साथ एक खतरनाक जोड़ी होते।

टी20 विश्व कप

न्यूयॉर्क में लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन पिचें

न्यूयॉर्क,एजेंसी। आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी।

नडाल ने चौथे दौर में हार के बाद मैड्रिड ओपन से ली विदाई

मैड्रिड, एजेंसी। राफेल नडाल ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से चौथे दौर में 5-7, 4-6 से हार के बाद मैड्रिड ओपन, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रशंसकों से विदाई ली, जिसे उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान पांच बार जीता था। टूर्नामेंट के पांच बार के चैंपियन (2005, 2010, 2013, 2014 और 2017) ने लेहेका के खिलाफ अपनी मैड्रिड ओपन यात्रा का चौथे दौर का मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला।

एक जीत का मतलब मैड्रिड में स्पैनियार्ड के लिए जीत संख्या 60 होती, लेकिन 2003 में मैड्रिड एरेना में एलेक्स कोरेट्जा के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद से उनकी गिनती अब हमेशा 59 जीत और सिर्फ 15 हार पर ही रहेगी। मैच के बाद, भावुक नडाल ने कोर्ट पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें मैड्रिड ने अपने सबसे महान चैंपियन को अलविदा कहा और 2008, 10, 13-14 और 17 में उनके पांच खिताबों को चिह्नित करने वाले बैनर फहराए गए। एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा, यह मेरे लिए बहुत खास सप्ताह रहा है, कई मायनों में बहुत सकारात्मक, व्यक्तिगत रूप से और मेरे टेनिस के लिए। मुझे फिर से कोर्ट पर खेलने का मौका मिला। कुछ हफ्ते पहले, बार्सिलोना से दो दिन पहले, मुझे नहीं पता था कि मैं फिर से एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करूंगा और मैंने अब तक दो सप्ताह तक खेला है, यह अविस्मरणीय है।

केवल एक चीज जो मैं कह सकता हूं वह है धन्यवाद। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है जो तब शुरू हुई जब मैं छोटा था। मैं पहली बार 2003 में मैड्रिड आया था, जब टूर्नामेंट इंडोर खेला गया था। मैं पहली बार प्रतिस्पर्धी महसूस करते हुए 2005 में यहां आया था। यह मेरे करियर की सबसे रोमांचक जीतों में से एक थी। तब से, हर किसी से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है। मैं आपको पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता।

वह टीम इंडिया में धोनी की जगह ले सकते हैं, सिद्धू ने पंत नहीं इस बल्लेबाज को लेकर भविष्यवाणी की

नईदिल्ली, एजेंसी। महेंद्र सिंह धोनी भारत के लिए खेलने वाले सबसे महान मैच फिनिशर हैं। उनके संन्यास के बाद से ही मेन इन ब्लू एक ऐसे खिलाड़ी की तलाश कर रहा है जो भारत के पूर्व कप्तान की तरह निचले क्रम में योगदान दे सके। अब रिंकू सिंह को अगले फिनिशर के रूप में देखा जा रहा है, जो राष्ट्रीय टीम में धोनी की जगह ले सकते हैं।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीमित अवसरों में भारत के लिए अपनी प्रतिभा दिखाई है और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। रिंकू को आईपीएल 2024 में पर्याप्त मौके नहीं मिले। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में रिंकू को बल्लेबाजी क्रम में प्रमोट किया गया था, लेकिन वह फायदा नहीं उठा सके। महान बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने अलीगढ़ में जन्मे क्रिकेटर की तुलना धोनी से की। वह भारत के लिए मैच जीतने के लिए रिंकू का समर्थन कर रहे हैं, जैसा कि धोनी ने अपने शानदार करियर के दौरान किया था।

सिद्धू ने कहा, रिंकू सिंह एमएस धोनी की जगह ले सकते हैं। वह दिग्गज खिलाड़ी की तरह खेल खत्म कर सकते हैं। रिंकू प्रतिभाशाली है और मैदान के सभी हिस्सों में शॉट मार सकता है। माही की तरह, वह शांत और तनावमुक्त हैं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कोई दबाव नहीं लेते हैं। वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य है और वह लंबे समय तक फिनिशर की भूमिका निभाएंगे।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, स्टीव स्मिथ बाहर, मैकगर्क को भी जगह नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप के लिए सभी क्रिकेट बोर्ड अपनी-अपनी टीमों का ऐलान कर रहे हैं. इस कड़ी में बुधवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है. इस टीम में सबसे चौंकाने वाला फैसला पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का नाम नहीं होना है. 34 वर्षीय अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ इस फॉर्मेट में फरवरी में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेले थे, जहां वह न्यूजीलैंड दौरे पर फ्लॉप रहे थे. स्मिथ उस सीरीज में 11 और 4 रन ही बना पाए थे और इस फॉर्मेट में उनके धीमे स्ट्राइक रेट पर भी बहुत सवाल उठ रहे थे. ऐसे में चयनकर्ताओं ने उन्हें वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं दी है. ऑस्ट्रेलिया मिचेल मार्श के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है, जिसमें सीनियर ओपनिंग बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को जगह मिली है.

उम्मीद की जा रही थी कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में 22 वर्षीय युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को भी जगह मिल सकती है. लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें भी मौका नहीं दिया है.

ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप टीमः

मिचेल मार्श , एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरुन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा.

हार्दिक पांड्या पर बीसीसीआई का बड़ा एक्शन

अगली गलती पर हो जाएंगे बैन

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल-2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच का आयोजन लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में किया गया था।

इस मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हार के अलावा मुंबई इंडियंस की टीम और कप्तान हार्दिक पांड्या को एक और बड़ा नुकसान हुआ है। दरअसल लखनऊ के खिलाफ खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट बनाए रखने का दोषी पाए जाने के बाद बीसीसीआई ने मंगलवार को पूरी मुंबई इंडियंस टीम को फाइन लगाया है। मुंबई इंडियंस ने स्लो ओवर रेट से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

इतने का लगा जुर्माना

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के मैच 48 के दौरान मुंबई इंडियंस की टीम द्वारा स्लो ओवर रेट बनाए रखने के बाद कप्तान पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है।

मुंबई इंडियंस ने इस सीजन ऐसा दूसरी बार किया है, ऐसे में कप्तान पांड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इंपैक्ट प्लेयर नुवान तुषारा पर 6 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 25त्न, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया।

एक और गलती पर हो जाएंगे बैन

मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन एक और बार अगर स्लो ओवर रेट बनाए रखने का दोषी पाई जाती है तो टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या पर एक मैच का बैन लगा दिया जाएगा। हार्दिक पांड्या के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी दो बार स्लो ओवर रेट का जुर्माना लग चुका है।

मुंबई को पहली बार 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था, जिसे एमआई ने मुल्लांपुर में 18 रन से जीता था।

बीस वर्ष बाद भी दलित आदिवासियो को नही मिली जमीन

प्रशासन के ढीले रवैया के चलते परेशान है राजापुर ग्राम के गरीब

पन्ना। पन्ना जिले की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत ही लचर है, अनेक फरियादी बीस बीस वर्षो से अपने हक के लिए विभिन्न कार्यालयो के चक्कर लगा रहे है तथा वरिष्ट न्यायालयो एवं अधिकारीयो के आदेश के बावजूद उन्हे न्याय नही मिल रहा है। इसी प्रकार का मामला देवेन्द्र नगर तहसील अन्तर्गत ग्राम राजापुर का है जहां पर दो दर्जन से अधिक गरीब लोगो को सरकार द्वारा शासकीय जमीन दिये जाने की घोषणा की गई थी। उक्त जमीन सीलींग एक्ट की थी। जिसे भूमिहीनो को बंटित की जानी थी। विवरण के अनुसार 1963 से राजस्व न्यायालय में उक्त मामले प्रचलित है। राजापुर स्थित 208 हैक्टेयर जमीन मे अतिरिक्त खाते मनमाने ढंग से बना दिये गये थें। जिसका विधिक आदेश पारित कर आयुक्त सागर संभाग द्वारा 14/08/2023 को अंतिम आदेश पारित करते हुए उक्त जमीन गरीबो को बंटन करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला प्रशासन को आयुक्त सागर संभाग द्वारा दिये गये थें। लेकिन उक्त जमीन पर भू माफियाओं द्वारा राजस्व मंडल सदस्य एम के सिंह साठ गाठ कर पूर्व से हितबद्ध पक्षकारो को सुने बिना एम के सिंह द्वारा 10/08/2004 को कमिश्नर के आदेश को मनमाने ढंग से खारिज कर दिया गया था। जिसके संबंध में शासन की ओर से कमिश्नर के आदेश को बहाल कराने के लिए माननीय उच्च न्यायालय मे अपील दायर की जानी थी। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा उक्त मामले मे रूचि नही ली गई तथा दर्जनो गरीब आदिवासीयो के साथ विस्वासघात किया गया। गरीब आदिवासी दलित ग्रामीण उक्त मामले को लेकर लगातार लडते रहें। 208 हैक्टेयर की उक्त जमीन का ठेका विक्री पूर्व अजयगढ रियासत के अजयराज सिंह द्वारा दूसरे लोगो को दी जाती रही तथा उस जमीन को मनमाने ढंग से अपने कब्जा में किये हुए है। उक्त मामले मे 14.09.2022 को तहसीलदार देवेन्द्र नगर द्वारा भी राजस्व प्रकरण क्रमांक 274/90-डी/3/2000-01 राजस्व मंडल ग्वालियर के द्वारा निजी भूमि घोषित किये जाने के कारण प्रकरण मे पुन: अपील प्रस्तुत किये जाने का प्रकरण कलेक्टर पन्ना को प्रस्तुत किया था। उक्त



प्रकरण में तहसीलदार द्वारा स्पष्ट किया गया था कि, दिनांक 10.08.2004 को पारित आदेश पत्रिका के प्रष्ट क्रमांक 11 मे कश्निर सागर संभाग के आदेश दिनांक 14.08.2003 राजापुर की 261.35 हैक्टेयर भूमी मध्य प्रदेश शासन की भूमि है। उक्त भूमि को बगैर मध्य प्रदेश शासन व अन्य हितबद्ध पक्षकारो का पक्ष सुने बगैर किसी सुनवाई के 14 खातेदारो को वापिस कर दिया गया है। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि राजस्व मंडल ग्वालियर सदस्य एम के सिंह के द्वारा मध्य प्रदेश शासन को लगभग 208.92 हैक्टेयर भूमि जिसकी कीमत 9 लाख 43 हजार प्रति हैक्टेयर है उसकी दर से 20 करोड की छति प्रतीत होती है। इस लिए उक्त प्रकरण में माननीय राजस्व मंडल ग्वालियर सदस्य एम के सिंह का राजस्व प्रकरण क्रमांक 268 पीबीआर/3, 1997 पीबीआर/03, 1408 पीबीआर/03, 1418/पीबीआर 14.6.2003 मे पारित आदेश 174 पारित निर्णय दिनांक 10.08.2004 के विरूद्ध विधि विशेषज्ञयो की सलाह उपरांत प्रकरण राजस्व मंडल ग्वालियर मे निगरानी या माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में अपील प्रस्तुत करना आवश्यक प्रतीत होता है। जिससे शासन को होने वाली छति से बचाया जाये। उक्त मामले को कलेक्टर द्वारा गंभीरता से लेते हुए नायाब तहसीलदार द्वारा दिये गये निणर्य को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना को प्रकरण क्रमांक 004/अ, 05,09 वर्ष 2022-23 सहित प्रतिवेदन अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत राजापुर के प्रस्ताव क्रमांक 2 16/02/22 के द्वारा ग्राम राजापुर के आरआजी नम्बर 488 रकवा 100 हैक्टेयर मध्य प्रदेश शासन बंजर मद की भूमि को मध्य प्रदेश शासन आवादी घोषित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इसी प्रकार तहसीलदार देवेन्द्र नगर के द्वारा ग्राम राजापुर स्थित बंजर मद मे बंजर भूमि को आवादी घोषित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम राजापुर का भोगोलिक क्षेत्रफल देखते हुए ग्राम के खाते का दो प्रतिशत चरनोई रकवा 7.70 हैक्टेयर सुरिक्षत रखने के पश्चात् शेष चरनोई रकवा शेष मोजूद है। प्रस्तावित आरआजी नम्बर 468 रकवा 81 है। शासन बंजर मद भूमि सडक से लगी हुई तथा आवादी प्रयोजन के लिए सर्वथा उपयुक्त है। आबादी हेतु लोकोपयोगी रहेगा। ग्राम मे मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अन्तर्गत पात्र आवासहीनो को आवादी में आवासीय भूखंड दिया जाना है। पूर्व की भूमि उपलब्ध नही है। जिससे प्रस्तावित आवादी भूमि आरक्षित की अनुशंसा प्रेषित है। उक्त संपूर्ण प्रकिया तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी तथा कलेक्टर द्वारा कर ली गई है। जिसके आधार पर माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाना है। लेकिन अभी तक प्रकरण प्रस्तुत नही किया गया है। जिससे राजापुर ग्राम के लोग चिंतित है तथा जल्द ही उक्त प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने का अनुरोध किया है।

इनका कहना है

संबंधित मामला हमारे संज्ञान मे है, हम देखकर आप को बताएगें तथा जो भी आवश्यक कार्यवाही होगी उसे करेगें।

संजय नागवंशी
अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व पन्ना

हम ग्रामवासीयो द्वारा लगातार अपने हक की लडाई लड रहे है तथा प्रशासन से शासकीय भूमि को मुफ्त कराने के लिए अपील करने की मांग कर रहें है, जिससे शासन की छति न हों तथा भूमहीनो को भी जमीन प्राप्त हो सकें।

बेटू लाल चौधरी सरपंच
ग्राम पंचायत राजापुर

झूठ बोलने वाला व्यक्ति कभी सुखी नही रह सकता है: प्रमोद कृष्ण महराज

भागवत कथा का रसपान लेने पहुंच रहे हैं भागवत प्रेमी

पन्ना। पन्ना नगर के रानीगंज मोहल्ला गुरुद्वारा के पीछे खेर माता मार्ग पर पुत्र जन्म के उपलक्ष में यादव परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा व्यास पंडित श्री प्रमोद कृष्ण जी महाराज ने कथा के दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण के 24 अवतारों की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य बोलना सत्य के मार्ग पर चलना ही प्रथम धर्म है। जो व्यक्ति सत्य का साथ देता है वह हमेशा सुखी जीवन जीता है। जो व्यक्ति झूठ बोलता है वह व्यक्ति इसलोक तथा परलोक में कभी सुखी नहीं रह सकता है, उसके घर में हमेशा

व्याधियां व्याप्त रहती हैं। कथा के मुख्य यजवान भवानी दीन यादव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुननी यादव है। यादव परिवार ने नगर के सभी भगवत प्रेमियों से आग्रह किया है कि शाम 4:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक भागवत कथा का रसपान करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

भवगावन परशुराम जयंती को लेकर बैठक संपन्न

पन्ना। श्री राम जानकी मंदिर पन्ना के प्रांगण में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पन्ना के तत्वाधान में भगवान श्री श्री 1008 श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के संबंध में विप्र समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र महानुभाव की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर रोली-गुलाल से पूजा अर्चना करने के पश्चात कार्यवाही प्रारंभ हुई। बैठक का संचालन पंडित दीपक तिवारी के द्वारा किया गया बैठक की अध्यक्षता पंडित मुरारी लाल थापक के द्वारा की गई बैठक में भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोउत्सव को भव्य रूप से मनाए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई की गई।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए हुई बैठक

पन्ना। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष भी जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड स्तर पर 02 मई से 01 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आज स्थानीय पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर खेल और युवा कल्याण अधिकारी राजेन्द्र कोष्टा, उच्च शिक्षा विभाग से एस.के. पटेल, शिक्षा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा सहित एथलेटिक्स संघ पन्ना के अध्यक्ष मनोज केशरवानी, खेल प्रशिक्षक निधि राय, राहुल गुर्जर, प्रकाश कुमार अहिरवार, धीरज कुमार वर्मा, पीटीआई लारेन्स ऐट्स एवं पहलवान सिंह, केन्द्रीय विद्यालय से दिनेश यादव, आर.पी. उत्कृष्ट विद्यालय से निखिल सोनी, आदिम जाति कल्याण विभाग से संजू सेन तथा विकासखण्ड समन्वयक गौसिया बेगम, मो. मुस्तकीम, प्रीति श्रीवास रजक, राजाभईया कारपेंटर, बाबूलाल कोरी भी उपस्थित रहे। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में 8 से 18 वर्ष आयु के खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

पीएचएन केवल नेटवर्क के संस्थापक गंगा सिंह परमार का दु:खद निधन

पन्ना। पन्ना नगर मे चल रहे पीएचएन केवल नेटवर्क के संस्थापक तथा सबसे अच्छे इलेक्ट्रनिक सुधारक गंगा सिंह परमार का दु:खद निधन हो गया है। श्री परमार नगर पालिका मे पदस्थ उपयंत्री लोकेन्द्र सिंह परमार तथा कापरिटिव बैंक मे प्रबंधक योगेन्द्र परमार के पिता है। श्री परमार के निधन पर नगर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारीयो, पत्रकारो, साहित्यकारो ने गहन दु:ख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ईश्वर से यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

प्राकृतिक आपदा भूकम्प को लेकर मोकड्रिल संपन्न

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन और राहत बचाव कार्य पर आधारित एक मॉक अभ्यास का आयोजन जिला मुख्यालय पन्ना के श्री जगन्नाथ स्वामी टाउन हॉल ऑडिटोरियम प्रांगण में किया गया। मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन और एसडीईआरएफ, फायर विभाग, जिला पुलिस, होम गार्ड, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग व विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा बैठक कर इस मॉक अभ्यास की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार की गयी तथा द्वितीय चरण में मोक अभ्यास

किया गया। अभ्यास के दौरान अधिक तीव्रता के भूकंप से ऑडिटोरियम हाल के आंशिक रूप से गिर जाने का काल्पनिक दृश्य रखा गया, जिसमें दस से पंद्रह लोगों के दबे होने की सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया। इसमें गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार एवं क्षत को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला। इसी दौरान कुछ व्यक्ति बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल पर फंस गए जिनको एनडीआरएफ ने रोप रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतारा। सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। इसमें 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ के प्रभारी अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट उपस्थित रहे। साथ ही अग्निशमन विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमों द्वारा मॉक का संयुक्त अभ्यास किया गया। उप कमांडेंट श्री पाल ने बताया कि इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा में घायल और चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मॉक अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आयी एनडीआरएफ की 26 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निरीक्षक पारस राम जाखड़ एवं सहायक उपनिरीक्षक रंजन जायसवाल ने किया। इस अभ्यास के दौरान जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे।

लीनेस क्बल द्वारा मनाया गया चार्टर-डे

पन्ना। लीनेस क्लब पन्ना लगातार कई वर्षों से नगर में समाज कल्याण का कार्य करते आ रहा है। इस दौरान लीनेस क्लब पन्ना द्वारा दिनांक 30 अप्रैल को ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स चार्टर डे का उत्सव मनाया गया। इस दिन ही श्रीमती अंजू कटारे (आल इंडिया लीनेस क्लब्स मल्टीप्ल प्रेसिडेंट) के अथक प्रयासो के फलस्वरूप लीनेस क्लब का गठन हुआ था एवं इस समूह को मान्यता प्राप्त हुई थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, इसके उपरांत क्लब अध्यक्ष

शिखा पांडे ने सभी को चार्टर डे की बधाई दी एवं सम्बोधन किया तत्पश्चात। रचना पाटकर द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये तथा सभी सदस्यो द्वारा गीत संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई, कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार के गेम्स भी हुए जिनमें पहली विजेता श्रीमती संगीता राय, दूसरी विजेता श्रीमती निधि पटेरिया एवं तीसरी विजेता श्रीमती मुदिता खरे रही। कार्यक्रम का संचालन सचिव शालिनी जायसवाल द्वारा किया गया। सभी बहनों ने दीप प्रज्वलन कर यह संकल्प लिया कि हम सब भी इन दिपो की भांति कार्य करेगें जो दूसरो को उजाला देने के लिए अपने आप को जलाते है। दौरान कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष शिखा पांडे, सचिव शालिनी जायसवाल, कोषाध्यक्ष शशि वाला त्रिपाठी, चेयरपर्सन राखी पाटकर, निधि पटेरिया, अमिता तिवारी, मनीषा दीक्षित, कुमकुम राजे, रचना पाटकर, संगीता राय, सुनीता गुप्ता, अंजली सिंह साधना पाटकर आरती खरे प्रियंका शिवहरे, जागृति सिंह, माला जैन, मुदिता खरे एवं श्वेता गुप्ता उपस्थित रही।

कायस्थ समाज द्वारा किया जायेगा छात्र छात्राओं का सम्मान

पन्ना। कायस्थ समाज पन्ना द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कायास्थ समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान 14 मई को चित्रगुप्त मंदिर मे भगवान चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर किया जायेगा। समाज के सचिव राजीव खरे ने बताया कि कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के सभी बच्चो का सम्मान किया जायेगा। जो छात्र छात्राए अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। उन्हे उक्त सम्मान प्राप्त होगा।

एसी का तापमान 27 डिग्री सेट करने पर 30 फीसदी तक की कमी

विद्युत कम्पनी द्वारा सलाह जारी

पन्ना। गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल चिंता का एक बड़ा कारण है, लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए। विभिन्न एजेंसियों के शोधों से साबित हुआ है कि एसी के तापमान को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करने से बिजली के बिल को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। दरसअल कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफहमी है, जबकि 27 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, लेकिन जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है।

यातायात पुलिस ने आवा-गमन बाधित करने वाले दुकान संचालकों पर की कार्यवाही

पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अति. पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार ने अपने यातायात टीम व कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर पुराना पावर हाउस से लेकर गांधी चौक के बीच ऐसे वाहन जिन्हे वाहन स्वामी द्वारा स्थाई रुप सडक किनारे पार्क कर दिये गया था उनके विरुध्य चालानी कार्यवाही की एवं उन्हे सड़क से हटवाने की कार्यवाही भी की गयी साथ ही भविष्य में इस प्रकार से अपने वाहनों के सड़क किनारे खड़ा न करने की हिदायत दी गयी इसके अलावा रोड किनारे स्थित रेस्टोरेंट, दुध की दुकानें जिनके दुकान संचालक भी आने वाले ग्राहकों के वाहनों को फुटपाथ पर खड़ा करवा कर यातायात बाधित करते है ऐसे सभी दुकान संचालकों पर कार्यवाही कर उनके सामने से अतिक्रमण हटाया गया साथ ही इन सभी को हिदायत दी गई कि रोड पर या फुटपाथ पर किसी भी प्रकार से वाहनों को खड़ा नहीं करें जिससे यातायात व्यवस्था में व्यवधान उपन्न हो। ज्ञात हो कि शहर के अंदर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने हेतु ऐसे वाहन चालक जो अपने वाहनों को खतरनाक तरीके से चलाते हैं या वाहन चालन मोवाइल फोन का उपयोग करते हैं सभी पर चालानी कार्यवाही की गयी साथ ही नावालिगों द्वारा वाहन चलाने वाले वाहन स्वामियों/चालकों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 54 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए इक्कीस हजार पांच सौ रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक महेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सुनील पान्डेय, कमलेश सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

ग्राम की बेटियों को विवाह के समय मदद कर रहे है सेवानिवृत्त शिक्षक

पन्ना। समाज में बेटियों का सम्मान हो उनका मनोबल ऊंचा हो महिला सशक्तिकरण की सीडियां मजबूत हो इन सभी उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समाज मे अनेक शिक्षा विद तथा समाजसेवी मदद मे आगे आ रहे है। इसी कडी में सिमरिया तहसील अन्तर्गत ग्राम बडवार के निवासी स्वामीदीन शुक्ला विगत दो वर्ष से गांव में होने वाली प्रत्येक बेटी की शादी मे अपनी ओर से पांच हजार की मदद करते है तथा शादी समारोह मे शामिल हो कर बेटीयो को आशीर्वाद प्रदान करते है। उनके द्वारा किये जा रहे उक्त पुनीत कार्य की लोगो द्वारा सराहना की जा रही है।

जिले भर मे जल संकट को लेकर मचा हाहाकार

जिम्मेवार विभागो के अधिकारी लापरवाह

पन्ना। जैसे जैसे गर्मी बढती जा रही है, जिले मे लगातार पेयजल की समस्या भी बढती जा रही है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेवार विभाग पीएचई, जल निगम तथा ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव उक्त संकट को लेकर गंभीर नही है और न ही उक्त विभागो को द्वारा पूर्व से कोई तैयारी की है। कागजो मे नल जल योजनाए तथा हैन्ड पंप उत्खनन के कार्य पीएचई विभाग के द्वारा किये गये है एवं शासन द्वारा दिये गये बजट को कागजो मे खर्च करके राशि हडप ली गई है। पीएचई विभाग मे पदस्थ कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह विगत पांच वर्ष से पन्ना मे जमें हुए है। जबकी वह बहुत ही निष्क्रिय तथा गैर जिम्मेदार अधिकारी है। इनके द्वारा आंगनवाडी, स्कूलो तथा ग्राम पंचायतो के माध्यम से नल जल योजनाए संचालित कराई गई। लेकिन 90 प्रतिशत योजनाए पूरी तरह से ठप्प है, हैन्ड पंप भी बंद पडें

हुए है। जबकी कागजो मे इनके द्वारा सभी जगह संचालित बताया जाता रहा है। ग्रामीण लोग कई किलोमीटर दूर से पीने के लिए पानी का इन्तजाम कर रहें है। उदाहरण के तौर पर पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत खमरिया के महेडा में विकराल स्थिती पेयजल को लेकर देखने को मिली लोग साईकिलो पर प्लास्टि के डिब्बे टांग कर पांच पांच किलोमीटर दूर से पानी ला रहें है। इसी प्रकार गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पुरैना एवं झुमटा सहित अनेक ग्रामो मे देखने को मिला। जिला मुख्यालय से लगें नया पुरवा, पुराना पन्ना सहित यही स्थिती देखी जा सकती है। जबकी दूसरी ओर मध्य प्रदेश सरकार तथा भारत सरकार द्वारा लगातार लोगो को झूठ बोलकर बताया जा रहा है। कि हमारे द्वारा घर घर पानी पेयजल के लिए पंहुचाया जा रहा है तथा करोडो रूपये पेयजल को लेकर खर्च किये जा रहें है। लेकिन आकडो तथा जमीनी हकीकत मे बहुत बडा अन्तर देखा जा रहा है। पन्ना जिले मे पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अलग से जल निगम का कार्यालय संचालित किया जा रहा है। जिसमे भारी भरकम स्टाफ रखा गया है तथा करोडो रूपये स्टाप की वेतन मे खर्च किया जा रहा है। लेकिन पीएचई विभाग तथा जल निगम नगरी क्षेत्र मे नगर पालिकाए एवं ग्रामीण क्षेत्र मे पेयजल को पंचायतो का काम उदासीन बना हुआ है। सिर्फ कागजो मे योजनाए संचालित हो रही है। जिला प्रशासन को पूरे जिले मे जल संकट को लेकर टीमे बनाकर जमीनी हकीकत से अवगत होना चाहीए। जिससे आम लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरूवार 02 मई 2024 | 8

हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इनकी मेरिट सूची में रीवा जिले के 20 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया। जिसमें से कक्षा 12वीं के 7 तथा कक्षा 10वीं के 13 विद्यार्थी शामिल हैं।

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के मेरिट सूची के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

मेरिट में आकर आपने अभिभावक, गुरूजन और पूरे समाज का नाम ऊँचा किया है : कलेक्टर

रीवा। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इनकी मेरिट सूची में रीवा जिले के 20 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया। जिसमें से कक्षा 12वीं के 7 तथा कक्षा 10वीं के 13 विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें एक मूकबधिर छात्रा भी शामिल है। रीवा जिले की कक्षा 12वीं की छात्रा अंशिका मिश्रा ने गणित संकाय में 493 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेरिट में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि रीवा जिले के 20 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। आप सबकी कड़ी मेहनत

और लगन ने अभिभावकों और गुरूजनों का मान बढ़ाया है। आप सबने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपने परिवार, समाज और पूरे जिले का नाम उँचा किया है। इसके लिए मैं सभी को कोटि-कोटि बधाई देती हूँ। सफलता कैसे प्राप्त की जाती है यह बताने की आपको आवश्यकता नहीं है। आप सभी अपने साथ ही विद्यार्थियों को भी उचित सलाह और सहयोग देकर उन्हें प्रेरित करें। मैं चाहती हूँ कि जब अगले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो तो उसमें मेरिट सूची में इतने विद्यार्थी हों कि यह हाल छोटा पड़ जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र यही है कि लगन के साथ कड़ी मेहनत करें। अपनी रूचि के अनुसार विषयों का चयन करके कॅरियर के बारे में अभी से पूरी प्लानिंग करें। विषय को गहराई से पढ़ने का प्रयास करें। किसी भी तरह की असफलता मिलने पर निराश न हों। कमी कहाँ रह गई जिसके कारण असफलता मिली। कमी को दूर कर नए उत्साह के साथ प्रयास करें। असफलता हमेशा हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षकगण अपने विद्यार्थियों को अपने कॅरियर के संबंध में सही मार्गदर्शन दें। बोर्ड परीक्षा परिणामों में विज्ञान की ही तरह कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में मेरिट में स्थान बनाया है। जो कठिन परिश्रम करेगा उसे अच्छे परिणाम अवश्य मिलेंगे। सफलता प्राप्त करने के लिए कड़े परिश्रम के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। आप जब अच्छी सफलता प्राप्त करेंगे तो आपके साथियों, परिवारजनों और पूरे समाज का आपके प्रति दृष्टिकोण परिवर्तित होगा। रीवा जिला हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। आप सब शिक्षा के क्षेत्र में आगे भी रीवा जिले का नाम रोशन करें। समारोह में अतिथियों का स्वागत तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने किया।

समारोह में कलेक्टर ने कक्षा 12वीं की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका मिश्रा को सम्मानित किया। समारोह में गणित संकाय में मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले अतुलमणि त्रिपाठी, 10वां स्थान प्राप्त करने वाले कृष मिश्रा तथा प्रिंस पटेल एवं जीव विज्ञान संकाय में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली सोनम पटेल, नौवां स्थान प्राप्त करने वाली शिवानी कोरी तथा दसवां स्थान प्राप्त करने वाली सौम्या मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं की मेरिट सूची में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली स्नेहा पटेल, चौथा स्थान पाने वाली सौम्या सिंह, आठवां स्थान प्राप्त करने वाली स्वाती सिंह पटेल, देवेश कुमार पाण्डेय तथा युवराज विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया।

कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

रीवा। जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित आदर्श आवासीय विद्यालय (सर्रा) चुरहट जिला सीधी में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 31 मई तक आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक छात्र एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र के लिये प्रवेश प्रभारी पी.के. दीक्षित (व्याख्याता) 9981530675 एवं 9827258441 (प्राचार्य) के दूरभाष पर संपर्क कर सकते है। प्रवेश के लिये केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी का एमपीटास में प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। विद्यालय में प्रवेश समिति द्वारा महत्वपूर्ण तिथियों व रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। सीबीएसई एवं एमपी बोर्ड द्वारा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी के मेरिट सूची के आधार में विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। एमपी बोर्ड में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र ही पात्र होंगे।

पेयजल समस्या के निराकरण के लिए किया गया है प्रकोष्ठ का गठन

टोल फ्री नं. 07663-299023 पर की जा सकती है शिकायत

मऊगंज। मऊगंज जिले में ग्रीष्म ऋतु में जनजनित बीमारियों एवं संभावित पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण नियंत्रण एवं रोकथाम एवं पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसका टोल फ्री नं. 07663-299023 है। कंट्रोल रूम प्रभारी एके पाण्डेय अनुरेखक मोबाइल नंबर 9424354390 प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दिनेश दुबे मोबाइल नंबर 9993215602, प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मोहम्मद इसराइल मोबाइल नंबर 8085368236, दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक, दिनेश कोल मोबाइल नंबर 9644632404, दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा भूपेन्द्र अहिरवार मोबाइल नंबर 8109785974 अवकाश के दिनों में प्रथम पाली में प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री उपेन्द्र रावत मोबाइल नंबर 8962824478 तथा द्वितीय पाली में श्री उमा प्रसाद मिश्रा दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक मोबाइल नंबर 7000676135 उक्त कार्य का संपादन कर रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज अमित शाह ने बताया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड मऊगंज सहायक यंत्री केबी सिंह मोबाइल नंबर 9755672540 ब्लाक समन्वयक, विकास सिंह मोबाइल नंबर 9424610005 ब्लाक समन्वयक हनुमना श्रीमती श्यामवती पटेल मोबाइल नंबर 9685334366 एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड त्योंथर सहायक यंत्री एपी तिवारी मोबाइल नंबर 9589135484 ब्लाक समन्वयक अमित मिश्रा मोबाइल नंबर 9893401548 एवं नईगढ़ी ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रियंका भारती मोबाइल नंबर 9827276681 पर संपर्क किया जा सकता है।

पेयजल व्यवस्था के लिए संचालित है कंट्रोल रूम

रीवा। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आगामी गर्मी में रीवा जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की व्यवस्था के लिए समुचित उपाय किए गए हैं। पेयजल संबंधी कठिनाईयों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम संचालित है। कंट्रोल रूम लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय में स्थापित किया गया है। इसका टेलीफोन नम्बर 07662-297441 है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि इसका प्रभारी अधिकारी मानचित्रकार प्रमोद कुमार मानव को बनाया गया है। इनका मोबाइल नम्बर 8269358689 है। कंट्रोल रूम में रविशंकर प्रजापति मोबाइल नंबर 9828677533, जितेन्द्र कुमार शर्मा मोबाइल नंबर 9200701465, उपेन्द्र मिश्रा मोबाइल नंबर 8517895701 तथा गोरेलाल शर्मा मोबाइल नंबर 9826856292 की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

रक्तदान शिविर 4 मई को

रीवा। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 4 मई को न्यायालय परिसर रीवा में प्रातः 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने आमजन से अनुरोध किया है कि रक्तदान शिविर को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में रक्तदान कर सहयोग प्रदान करें।

आबकारी विभाग ने 12 लीटर कच्ची तथा 1020 किलोग्राम महुआ लाहन किया जप्त

रीवा। जिले में अवैध मदिरा की विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। गत दिनों विभाग द्वारा 8 प्रकरणों में 12 लीटर कच्ची मदिरा एवं 1020 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। जिसका मूल्य एक लाख 3 हजार 800 रूपये है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी एएस ठाकुर के नेतृत्व में हनुमान गढ़ी बांसा थाना गोविंदगढ़ में अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 12 लीटर कच्ची मदिरा एवं 1020 किलोग्राम महुआ लाहन

जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक बीड़ा पयासी, अदिति अग्रवाल, नेहा प्रजापति, रमागोविंद सिंह, महेन्द्र सिंह, उमाकांत तिवारी, संगीता द्विवेदी, अतुल बागरी एवं आशीष गुप्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय श्रम दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सम्पन्न

रीवा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला ने श्रमिकों से संबंधित कानूनों जानकारी दी और कहा कि आने वाला समय श्रमिकों का है। अधिवक्ता लोकेश तिवारी ने श्रमिक योजनाओं व अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सहायक अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेस काउंसिल के डिप्टी चीफ आनंद पाण्डेय एवं मंजूर अहमद, लीगल एड डिफेस काउंसिल के असिसेन्ट अनीश पाण्डेय, आरती तिवारी, अधिवक्ता रफीक मनिहार, पुरूषोत्तम पाठक, कौशलेश पटेल, मजदूर संघ कार्यालय के संचालक रमाशंकर तिवारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे।

भूमि आवंटन प्रस्ताव संबंधी बैठक संपन्न

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में भूमि आवंटन प्रस्ताव की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों से शासकीय भूमि की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिये कि दो दिवस में मौका निरीक्षण कर भूमि प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने त्योंथर तहसील में भूमि उपलब्ध न होने की जानकारी प्रस्तुत करने पर तहसीलदार के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की तथा दो दिन में भूमि आवंटन संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक

में कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जल निगम की स्वीकृत परियोजनाओं में से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही करायें ताकि जल निगम द्वारा कार्य किया जा सके इस दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन सहित सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 241032 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा। जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में एक मई तक 4179 किसानों से 241032 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 578 करो? 47 लाख 77 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 160293 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 71 करो? 95 लाख 55 हजार 562 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 8605 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं।

प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पाने वाली अंशिका बनना चाहती है आईएएस आफीसर

रीवा। माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2024 की प्रावीण्य सूची में 12वीं कक्षा के गणित संकाय में प्रथम स्थान पाने वाली अंशिका मिश्रा आगे चलकर आईएएस आफीसर बनना चाहती है। शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल नीम चौराहा से शिक्षा प्राप्त करने वाली अंशिका ने गणित संकाय में 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। अंशिका अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व

शिक्षकों को देती हैं। वह विद्यार्थियों से पूरी लगन के साथ अपना लक्ष्य लेकर पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई करने की बात कहती हैं। उन्होंने आईएएस बनकर समाजसेवा करने का अपना संकल्प बताया।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी की अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही करने के निर्देश

रीवा। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन डॉ. सौरभ सोनवणे ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी मंशाराम मौर्य की अनिवार्य सेवा निवृत्ति की कार्यवाही करने के निर्देश सहायक संचालक उद्यान को दिये है।

उल्लेखनीय है कि मंशाराम मौर्य ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी विकासखण्ड नईगढ़ी लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे तथा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। श्री मौर्य ने अपने जबाव में पूर्व में पैरालिसिस होने के कारण निर्वाचन कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की थी। वह निर्वाचन कार्यालय में गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नहीं हुए तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती। प्रभारी अधिकारी ने सहायक संचालक उद्यान को निर्देश दिये हैं कि श्री मौर्य के 50 वर्ष की आयु अथवा 20 वर्षा की सेवा पूर्ण करने पर शासकीय सेवकों के अभिलेखों की छानबीन कर अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिये विधि संगत कार्यवाही कर अवगत करायें।

रिट याचिकाओं एवं अवमानना प्रकरणों की समीक्षा 3 मई को

रीवा। उच्च न्यायालय जबलपुर में विभिन्न विभागों के लंबित रिट याचिकाओं एवं अवमानना प्रकरणों की समीक्षा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा 3 मई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट में की जायेगी। संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित के निर्देश दिये गये हैं।

नल-जल योजना निर्माण में कम प्रगति वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें

बोरवेल खुले पाए गए तो उसके मालिक पर दर्ज होगी एफआईआर : कलेक्टर

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में नल-जल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है उनका कार्य 15 मई तक पूरा कराकर उसे ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कराएं। शेष नल-जल योजनाओं का कार्य 31 मई तक पूरा कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई नल-जल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। जिन ठेकेदारों की प्रगति 15 प्रतिशत से कम है तथा समयावधि लगभग पूरी हो रही है उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें। प्रत्येक घर को नल का कनेक्शन देने के लिए तैयार कार्ययोजना में जिन गांव की बस्तियाँ छूट गई हैं उनके पूरक प्रस्ताव 15 मई तक अनिवार्य रूप से शासन को प्रेषित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने के कारण भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए जहाँ तक संभव हो सतही जल का उपयोग करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं। साथ ही वाहन एवं अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए दल तैनात करें। विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर पेयजल व्यवस्था के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें। जनपद

के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटी-मोटी कठिनाई के कारण जो नल-जल योजनाएं बंद हैं उन्हें सुधारकर तत्काल चालू कराएं। पूर्ण नल-जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराएं। नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन के बाद ग्राम पंचायत निर्धारित राशि की वसूली करे। लक्ष्य में 70 प्रतिशत से अधिक वसूली करने वाली ग्राम पंचायतों को जिला खनिज मद से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में 30 अप्रैल तक अभियान चलाकर अनुपयोगी और खुले बोरवेल बंद कराए गए हैं। राजस्व अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इसका सत्यापन करें। यदि अब भी कोई बोरवेल खुला पाया जाता है तो उसके मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी पूर्ण नल-जल योजनओं का मौके पर सत्यापन कर प्रतिवेदन दें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीएचई सभी ठेकेदारों से नल-जल योजना के लिए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव आज ही प्राप्त कर लें। इसे अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को प्रस्तुत कर तत्काल कनेक्शन की कार्यवाही कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्यों से नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए मानक प्रक्रिया तथा निर्देश जारी कराएं। जिन निर्माण एजेंसियों ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की है उनसे सुधार कराया जाएगा। नल-जल योजना के ठेकेदार भी पाइपलाइन में सुधार के बाद ही ग्राम पंचायत को हैण्डओवर करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत 427 नल-जल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से 237 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा 62 ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833